**अनमोल विचार**

काबिलियत आती है सफलता की राह में यह कौन नहीं जानता फिर भी वह मंजिल पा लेता है जो कभी हार नहीं मानता...।

▸▸ अज्ञात

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | भोपाल, शनिवार, 23 नवंबर 2024 | वर्ष- 09 | अंक- 336 | पेज-08 | मूल्य- ₹ 5.00/-

## न्यूज इन शॉर्ट

### 14 मार्च से शुरू होगा आईपीएल का 18वां एडिशन, 25 मई को खेला जाएगा फाइनल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल का अगला सीजन 14 मार्च से शुरू होगा और इसका फाइनल 25 मई को खेला जाएगा। आईपीएल ने इसकी जानकारी टीमों को गुरुवार को भेजे ईमेल में दी है।



क्रिकइंफो के मुताबिक, आईपीएल ने सभी टीमों को अगले तीन सीजन का ड्राफ्ट शेड्यूल भेजा है, लेकिन संभावना है कि ये अंतिम तारीखें होंगी। 2026 सीजन 15 मार्च से 31 मई के बीच खेला जाएगा, जबकि 2027 सीजन 14 मार्च से 30 मई के बीच खेला जाएगा। 2025 सीजन में 74 मैच होंगे, जो पिछले तीन सीजन के बराबर है। हालांकि, इसके बारे में आईपीएल या बीसीसीआई की ओर से अब तक कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है।

### ज्ञानवापी विवादः एएसआई सर्वेक्षण की याचिका पर मस्जिद प्रबंधन समिति को नोटिस

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद विवाद मामले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण



(एएसआई) से सर्वेक्षण कराने की हिंदू पक्ष की याचिका पर मस्जिद प्रबंधन समिति अंजुमन इंतेज़ामिया मसाजिद% को नोटिस जारी करके 17 दिसंबर 2024 तक जवाब दाखिल करने का शुक्रवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की खंडपीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह नोटिस जारी किया। हिंदू पक्ष की याचिका में शिवलिंग पाए जाने वाले क्षेत्र का एएसआई सर्वेक्षण कराने की गुहार लगाई गई है। शीर्ष अदालत ने इससे पहले मस्जिद के अंदर के क्षेत्र को सील करने का आदेश दिया था।

### दिल्ली की कानून व्यवस्था में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं : शाह

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में दिल्ली में कानून



व्यवस्था की समीक्षा की और कहा कि राजधानी की कानून व्यवस्था में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सूत्रों के अनुसार बैठक में गृह सचिव गोविंद मोहन, गुप्तचर ब्यूरो के निदेशक तपन डेका , दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा और अनेक वरीष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सूत्रों ने बताया कि श्री शाह ने कहा कि अपराध के विरुद्ध सरकार की जीरो टॉलरेंस५ की नीति है इसलिए दिल्ली की कानून व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही स्वीकार्य नहीं है प्रत्येक दिल्ली पुलिसकर्मी की व्यक्तिगत जवाबदेही है कि हर एक दिल्लीवासी खुद को पुर्णतः सुरक्षित महसूस करे।

### आज जारी होंगे महाराष्ट्र-झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र और झारखंड दोनों राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को जारी किए जाएंगे। दोनों ही राज्यों में कल (शनिवार) सुबह आठ बजे से



वोटों की गिनती शुरू होगी। सबसे पहले बैलेट पेपर के वोट गिने जाएंगे। इसके बाद ईवीएम के वोटों की गिनती होगी। दोनों राज्यों में किसकी सरकार बनेगी, एग्जिट पोल ने भविष्यवाणी भी कर दी है। हालांकि, एग्जिट पोल के नतीजे कितने सही होंगे ये वोटों की गिनती के साथ साफ हो जाएगा। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजे आप आजतक के यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। बता दें कि झारखंड विधानसभा चुनाव के अंतिम और दूसरे फेज में 12 जिलों की 38 सीटों पर वोटिंग हुई थी। वहीं, पहले चरण में 13 नवंबर को 43 सीटों पर वोट डाले गए थे।

**कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस : खाद वितरण, कानून व्यवस्था पर मुख्यमंत्री की अफसरों को चेतावनी**

# कागजी घोड़े न दौड़ाएं, फील्ड में में उतरें अधिकारी : सीएम मोहन



**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के सभी जिलों में चाहे विकास का प्रश्न हो, शासन की प्राथमिकताओं के अनुसार कार्यों का क्रियान्वयन या कानून-व्यवस्था की बात हो, आदर्श स्थिति बनाए रखने का दायित्व कलेक्टर-एसपी का है। अपने जिले में सभी व्यवस्थाओं के लिए कलेक्टर्स और एसपी जिम्मेदार होंगे। जिन जिलों से अनियमितताओं की शिकायतें आएंगी, वहां बड़े अधिकारियों को भी नहीं बख्शा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 22 हजार थानों की सीमाओं में आवश्यक परिवर्तन हुए हैं। जन-कल्याण की दृष्टि से जिलों के पुनर्गठन के लिए राज्य शासन ने आयोग गठित किया है। इसमें कलेक्टर और जन-प्रतिनिधि भी जरूरी सुझाव देकर सहयोग करें। आने वाले समय में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण, आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व देने जैसे निर्णय क्रियान्वित होंगे।

***ड्रोन का उपयोग प्रोत्साहित किया जाए, नरवाई जलाने पर लगे अंकुश...*** *मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि कार्य में ड्रोन के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए। ड्रोन के माध्यम से यूरिया के छिड़काव और खाद डालने से सामग्री की बचत भी संभव है। आवश्यकतानुसार किसानों को किराये पर ड्रोन उपलब्ध कराने, प्राकृतिक जैविक कृषि को प्रोत्साहित करने, प्राकृतिक खेती विकास योजना के क्रियान्वयन और किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएं।*

### धान, ज्वार-बाजरा और सोयाबीन की खरीदी, जिलों में हों नवाचार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में धान, ज्वार-बाजरा और सोयाबीन खरीदी से संबंधित कार्य व्यवस्थित रूप से सम्पन्न किए जाएं। जिन जिलों से अनियमितताओं की जानकारी प्राप्त होगी, वहां दोषी अधिकारियों को नहीं बख्शा जाएगा। उपार्जन केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं होना चाहिए। खाद, बीज की समय-सीमा में उपलब्धता और व्यवस्थित वितरण को सुनिश्चित किया जाए। प्रदेश में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध होने के बावजूद जिन स्थानों से वितरण की अव्यवस्था संबंधित शिकायतें मिलेंगी, वहां दोषी अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### नरवाई प्रबंधन की रणनीति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नरवाई प्रबंधन के प्रयासों की भी जानकारी प्राप्त की। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश के चयनित जिलों में सुपर सीडर और हैप्पी सीडर के प्रयोग की रणनीति बनाई गई है। इससे नरवाई के नियंत्रण का कार्य संभव होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नरवाई प्रबंधन के अंतर्गत किसानों को जागरूक बनाने के लिए नरवाई रथ के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने को कहा।

### गीता जयंती कार्यक्रम पूरे प्रदेश में हों

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि प्रदेश में 11 दिसम्बर को गीता जयंती पर अनेक कार्यक्रम हो रहे हैं, जिनका व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया जाए। उज्जैन एवं भोपाल में गीता भवन के भूमि पूजन के साथ ही भगवान श्रीकृष्ण की परम्परा से संबंधित विविध आयोजन सम्पन्न होंगे। इसकी विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है।

**पॉल्यूशन पर सुप्रीम कोर्ट बोला**

## दिल्ली सरकार की कोशिशों से संतुष्ट नहीं




**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में प्रदूषण को लेकर शुक्रवार को दिल्ली की,क्क सरकार को फटकार लगाई। अदालत ने कहा, दिल्ली सरकार की कोशिशों से हम संतुष्ट नहीं हैं। सरकार ने ट्रकों की एंट्री रोकने के लिए भी कुछ नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 113 एंट्री पॉइंट पर सिर्फ 13 सीसीटीवी क्यों हैं। केंद्र सरकार इन सभी एंट्री पॉइंट्स पर पुलिस तैनात करे। एक लीगल टीम बनाई जाए जो यह देखे कि क्या वाकई में वाहनों की एंट्री पर रोक लगाई जा रही है या नहीं। इसके लिए हम बार एसोसिएशन के युवा वकीलों को तैनात करेंगे। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने प्रदूषण कंट्रोल करने के लिए दिल्ली सरकार के कदम को लेकर आपत्ति जताई है। आदेशों के बावजूद दिल्ली पुलिस स्टेज 4 के प्रतिबंध समय पर लागू कराने में विफल रही। जीआरएपी-4 के प्रतिबंध कम से कम 3 दिन और लागू रहने चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 25 नवंबर को होगी।

## नागरिकों में राष्ट्र प्रथम की भावना पैदा करना जरूरी : मुर्मू

**हैदराबाद, एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नागरिकों में राष्ट्र प्रथम की भावना पैदा करना आवश्यक है। श्रीमती मुर्मू ने शुक्रवार को हैदराबाद में संस्कृतिक उत्सव लोकमंथन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भारत की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और विरासत में एकता के धागे को मजबूत करने का यह एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी नागरिकों को भारत की सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को समझना चाहिए और हमारी अमूल्य परंपराओं को मजबूत करना चाहिए। राष्टपति ने कहा,



विविधता हमारी मौलिक एकता को सुंदरता का इंद्रधनुष प्रदान करती है। चाहे हम वनवासी हों, ग्रामीण हों, नगरवासी हों, हम सभी भारतीय हैं। राष्टीय एकता की यही भावना तमाम चुनौतियों के बावजूद हमें एकजुट रखे हुए है।' उन्होंने कहा कि भारतीय समाज को बांटने और कमजोर करने की कोशिशें सदियों से होती रही हैं। देश की एकता को तोड़ने के लिए कृत्रिम भेद पैदा किये गये हैं।

**सेंसेक्स में 5 महीने बाद करीब 2000 अंकों की उछाल**

## निवेशकों की वेल्थ 7.25 लाख करोड़ रुपए बढ़ी, अडाणी ग्रुप के 10 में से 6 शेयर्स चढ़े

**मुंबई, एजेंसी**

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी 22 नवंबर को सेंसेक्स 1961 अंक (2.54प्रतिशत) की तेजी के साथ 79,117 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 557 अंक (2.39प्रतिशत) की तेजी रही, ये 23,907 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में तेजी और 1 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 49 में तेजी और 1 में गिरावट रही। निफ्टी



मीडिया छोड़कर एनएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ बंद हुए। आईटी और रियल्टी इंडेक्स सबसे ज्यादा चढ़ा। शेयर बाजार में खरीदारी से निवेशकों की वेल्थ 7.25 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई।

### बाजार में 5 महीनों की सबसे बड़ी रैली

5 महीनों में शेयर बाजार की यह सबसे बड़ी रैली है। इससे पहले 3 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजों से एक दिन पहले सेंसेक्स 2,507 पॉइंट चढ़कर 76,468 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी 733 पॉइंट चढ़ा और 23,263 के स्तर पर बंद हुआ था। अमेरिका से मजबूत लेबर मार्केट डेटा के कारण निफ्टी आईटी इंडेक्स आज के कारोबारी सत्र में लगभग 3.29प्रतिशत बढ़ गया।

## मुझे सक्रिय राजनीति में वापस आना या नहीं, इसका जबाव कांग्रेस पार्टी आलकमान दें : नवजोत सिंह सिद्धू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता और पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने पंजाब में सक्रिय राजनीति में लौटने पर सीधा जवाब देने से बचते हुए कहा कि उनका पार्टी आलाकमान इसका जवाब दे सकता है। कांग्रेस की पंजाब इकाई के पूर्व प्रमुख सिद्धू पिछले कई महीनों से पार्टी के कार्यक्रमों और गतिविधियों से दूर चल रहे हैं। यहां तक कि उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव या चार विधानसभा क्षेत्रों गिद्दड़बाहा, बरनाला, डेरा बाबा नानक और चब्बेवाल में हुए उपचुनावों के लिए भी प्रचार नहीं किया। सक्रिय राजनीति में लौटने से जुड़े सवाल पर सिद्धू ने कहा, यह मेरा आलाकमान है जो जवाब दे सकता है, मैं नहीं दे सकता। इसके पहले, उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी नवजोत कौर सिद्धू अब कैंसर रोग से उबर गई हैं। अपनी पत्नी के कैंसर से उबरने के बारे में कहा, ''मुझे वास्तव में गर्व महसूस हो रहा है कि नोनी (उनकी पत्नी) को आज चिकित्सकीय रूप से कैंसर मुक्त घोषित कर दिया गया है।' पूर्व मंत्री ने कहा कि नवजोत कौर सिद्धू को करीब दो साल पहले खुद के कैंसर से पीड़ित होने का पता चला था।

## सुकमा जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, 10 नक्सलियों के शव बरामद

**सुकमा, एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के कोन्टा के भेज्जी इलाके से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच तड़के मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में 10 नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी मिली है। साथ ही, जवानों ने मौके से तीन ऑटोमैटिक राइफल और अन्य हथियार भी बरामद किए हैं, जिससे इस ऑपरेशन की सफलता को और भी महत्व मिलता है। जानकारी के मुताबिक,



22 नवंबर की तड़के डीआरजी (डिस्ट्रीक रिजर्व गार्ड) की एक टीम को यह सूचना मिली थी कि कुछ नक्सली ओडीशा से छत्तीसगढ़ में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं। इस पर जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नक्सलियों की घेराबंदी की और भेज्जी इलाके में उनकी तलाश शुरू कर दी। इस दौरान, नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई, जिसमें सुरक्षा बलों ने 10 नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ के बाद, जवानों ने घटनास्थल से तीन ऑटोमैटिक राइफल सहित अन्य हथियार बरामद किए, ये हथियार नक्सलियों के द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले शक्तिशाली शस्त्र थे, जो इलाके में सुरक्षा की स्थिति को चुनौती देते हैं। हालांकि, इस मुठभेड़ की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं की गई है, लेकिन स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह ऑपरेशन बेहद महत्वपूर्ण है।

**विनोद तावड़े का राहुल-खड़गे को 100 करोड़ का नोटिस, कहा-**

## मुझे और बीजेपी को बदनाम करने के लिए 5 करोड़ बांटने का आरोप लगाया, माफी मांगें

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र चुनाव से पहले हुए कैश कांड पर भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को 100 करोड़ का मानहानि नोटिस भेजा। तावड़े ने कहा कि भाजपा और मुझे बदनाम करने के लिए इन नेताओं ने झूठे आरोप लगाए। कहा कि मैंने 5 करोड़ रुपए



जनता में बांटे। भाजपा महासचिव ने कहा कि मैं इन नेताओं के साथ कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को नोटिस भेज रहा हूं, ये लोग जनता के बीच मुझसे माफी मांगें या कोर्ट कार्रवाई का सामना करें। महाराष्ट्र में वोटिंग से एक दिन पहले 19 नवंबर को बहुजन विकास अघाड़ी ने तावड़े पर 5 करोड़ रुपए बांटने का आरोप लगाया था। बीवीए अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर और उनके बेटे क्षितिज 19 नवंबर विरार के होटल पहुंचे। यहां तावड़े नालासोपारा से भाजपा कैंडिडेट राजन नाइक और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग कर रहे थे। बीवीए ने आरोप लगाया कि तावड़े 5 करोड़ रुपए लेकर होटल पहुंचे थे और यहां वोटर्स को पैसे बांटे जा रहे थे। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े पर पैसे बांटने का आरोप लगा था। हंगामे की तस्वीरें मुंबई के विरार इलाके में मौजूद होटल की हैं। यहां विनोद तावड़े (भगवा रंग की जैकेट में कुर्सी पर बैठे हुए) भी नजर आए थे। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े पर पैसे बांटने का आरोप लगा था।

**पाकिस्तान में शिया मुसलमानों का विद्रोह**

## खैबर पख्तूनख्वा में सेना की दो चौकियां फूंकी, दंगे जैसे हालात

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा सूबे में गुरुवार को हुए भीषण आतंकवादी हमले के बाद शिया मुसलमानों में जबरदस्त गुस्सा है।



इस हमले में 40 शिया मुसलमानों की मौत हुई है, जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। यह हाल के वर्षों में इस क्षेत्र में सबसे घातक हमलों में से एक है। यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में हुआ, जहां बहुसंख्यक सुन्नी मुसलमानों और अल्पसंख्यक शियाओं के बीच सांप्रदायिक झड़पों में हाल के महीनों में दर्जनों लोग मारे गए हैं। अभी तक किसी ने भी इस ताजा हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इस हमले के बाद गुस्साए शिया मुसलमानों ने कुर्रम जिले में शहर के प्रवेश द्वार बा-ए-कुर्रम सहित दो चौकियों में तोड़फोड़ की और आग लगा दी। मौके पर मौजूद सेना, अर्धसैनिक बल और पुलिस के जवान उग्र भीड़ को देखकर फरार हो गए।

### सीएम के काफिले के सामने काले झंडे लहराना कोई गैरकानूनी कृत्य नहीं

**कोच्चि, एजेंसी।** केरल की वाम सरकार को झटका देकर उच्च न्यायालय ने कहा कि मुख्यमंत्री के काफिले के समक्ष काले झंडे लहराना कोई गैरकानूनी कृत्य नहीं है और ना ही मानहानि के समान नहीं है। न्यायमूर्ति बी कुरियन थॉमस का फैसला महत्वपूर्ण है, क्योंकि पिछले साल जनसंपर्क कार्यक्रम 'नव केरल सदास' के दौरान सीएम पिनराई विजयन को काले झंडे दिखाने के लिए कई युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ा था। न्यायमूर्ति थॉमस ने कहा, ''हालांकि दृष्टिगोचर होने वाले संकेत किसी व्यक्ति को बदनाम करने का एक तरीका हो सकते हैं।

**विजय मत एंकर** नवंबर में सबसे ठंडी रही बीती रात, पारा 9.4ए पर पहुंचा, 2017 में 9.6 डिग्री था

## भोपाल में सर्दी का 10 साल का रिकॉर्ड टूटा

**विजय मत, भोपाल**

भोपाल में 21-22 नवंबर की रात सर्दी का 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया। टेम्प्रेचर गिरकर 9.4 डिग्री पर पहुंच गया। 2014 के बाद यह नवंबर का अब तक का सबसे कम तापमान है। 2017 में जरूर टेम्प्रेचर 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। भोपाल में इस सीजन में पहली बार पारा 10 डिग्री से नीचे आया है। गुरुवार-शुक्रवार की रात में यह 0.8 डिग्री की गिरावट के बाद 9.4 डिग्री पर आ गया। शुक्रवार सुबह से मौसम में ठंडक है। धूप निकलने से थोड़ी राहत जरूर है। सुबह के समय कोलार, बैरसिया रोड, अयोध्या बायपास समेत कई इलाकों में हल्का कोहरा भी देखने को मिला, जबकि बड़ा तालाब समेत कई इलाकों में अभी भी धुंध छाई हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, नवंबर में भोपाल में ऐसा ही मौसम रहता है। 15 नवंबर के बाद ठंड का असर बढ़ता है, जो आखिरी तक बना रहता है। इस बार ठंड का असर तेज हो गया है। भोपाल में पिछले 10 साल के नवंबर महीने के मौसम की बात करें तो वर्ष 2017 में पारा 10 डिग्री के नीचे यानी, 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।



### कई शहरों में छा रह कोहरा

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, प्रदेश की राजधानी भोपाल सहित सीहोर, रायसेन, विदिशा, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, निवाड़ी और टीकमगढ़ में घना कोहरा छाया रहा। इससे कारण विजिबिलिटी भी बेहद कम हो गई। अगले कुछ दिनों में यहां रात के तापमान में और गिरावट होने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों से मौसम में अचानक होने वाले बदलावों से खुद को बचने की सलाह दी है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### कांग्रेस नेताओं पर कराए जा रहे हमलों के विरोध में ज्ञापन सौंपा

सागर। जिला कांग्रेस कमेटी शहर और ग्रामीण के प्रतिनिधि मंडल ने जिला दंडाधिकारी से मुलाकात कर सागर जेल में जेल सुपरिटेंडेंट की मनमानी एवं जैल मैन्युअल का उल्लंघन किए जाने तथा कांग्रेस नेता राजकुमार धनोरा पर जेल में हमले किए जाने एवं न्यायक अभिरक्षा में बंदी इंद्र भूषण तिवारी के साथ दुर्व्यवहार किए जाने के विरोध में चर्चा की एवं ज्ञापन सौंपा। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ आनंद अहिरवार पूर्व सांसद ने कहा कि जेल के अंदर किसी भी सामान्य कैदी के साथ भी मारपीट और उत्पीड़न नहीं किया जा सकता है जेल मैनुअल के अनुसार अधिकारियों को आचरण होना चाहिए मारपीट और अपमान किसी का भी किया जाना अति निंदनीय है। डाँ अहिरवार ने कहा कि यह सभी कुछ सत्ता दल के इशारे पर किया जा रहा है जो गलत है जिला दंडाधिकारी अधिकारिक रूप से जेल के सर्वे सर्वा होते हैं। उन्हें इस घटना को तत्काल संज्ञान में लेना चाहिए और एक जांच कमेटी बनाई बनाना चाहिए,जिसमें कांग्रेस के हमारे तीन सदस्यों को भी शामिल किया जाए। ताकि न्याय में पारदर्शिता बनी रहे। ज्ञापन देने वालों में प्रवक्ता एड.लक्ष्मी नारायण सोनकिया, एड.धन सिंह अहिरवार, एड. गणेश पटेल,धर्मेंद्र चौधरी आदि शामिल थे।

### 31 बसों से खजुराहो जाएंगे जैन समाज के श्रावक

सागर। रविवार को श्री स्वर्णोदय जैन तीर्थक्षेत्र खजुराहो में होने वाले पिच्छिका परिवर्तन समारोह में भाग लेने के लिए सागर से 31 बसों से और 4 पहिया वाहनों से 2000 यात्री खजुराहो जाएंगे। मुनि सेवा समिति के सदस्य मुकेश जैन ढाना ने बताया कि नवाचार्य समयसागर महाराज के आचार्य बनने के बाद पहला चातुर्मास खजुराहो जैन तीर्थक्षेत्र में सम्पन्न हुआ है और 24 नवंबर रविवार को पिच्छिका परिवर्तन समारोह दोपहर 1 बजे से होगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए देश भर से श्रद्धालु खजुराहो पहुंच रहे हैं। सागर नगर के अलावा सागर जिले भर से लोग खजुराहो पहुंच रहे हैं। आचार्य संघ में इस समय 25 मुनि और छुल्लक महाराज विराजमान है। सागर नगर के दीनदयाल नगर मकरोनिया में विराजमान आर्यिका गुणमति माताजी ससंघ का पिच्छिका परिवर्तन समारोह 24 नवम्बर को दोपहर डेढ़ बजे से आयोजित किया है।

### पुलिस ने अवैध शराब के साथ आरोपी को किया गिरफतार

सागर। मुखबिर द्वारा अवैध शराब की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना सुरखी क्षेत्रानंतर्गत ग्राम हनौता कला में डीपी के पास आरोपी के बाडे से सुरखी पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुये आरोपी भानसीगं दांगी पिता हीरासींग दागी उम्र 58 साल निवासी ग्राम हनौता कला को घेरा बंदी कर पकडकर उक्त के कब्जे से दो जीन्स के कपडो के थैलो को जिन पर हिंदी में राजश्री लिखा है को चेक किया गया जिसमे प्रत्येक थैले में 175-175 प्लास्टिक के क्वाटर जिसके प्रत्येक में 180 एमएल देशी लाल मशाला शराब है जो कुल 350 देशी लाल मशाला शराब के पाव पाये गये सम्पूर्ण शराब 63 लीटर है उक्त शराब की कीमत करीब 35000 रुपये है आरोपी भानसींग दांगी से शराब रखने और बैचनें के संबंध में लायसेंस का पूछा जो नहीं होना बताया था अरोपी भानसिंह दांगी के कब्जे से 63 लीटर शराब जब्ती कर उसे गिरफतार किया गया है। आरोपी भानसिंह से शराब के स्रोत के संबंध में पूँछताछ कर आरोपी को जेआर पर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहाँ से आरोपी को केन्द्रीय जेल सागर भेजा गया है।

### श्मशान घाट के लिए शासकीय भूमि आवंटित करने की मांग की

सागर। निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधियों के साथ विठ्ठल नगर वार्ड में श्मशान घाट के लिए 80 डिसमिल शासकीय भूमि उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर संदीप जी आर से मुलाकात की। निगमाध्यक्ष ने कहा कि विठ्ठल नगर वार्ड में श्मशानघाट न होने के कारण यहां के नागरिकों को कपूरिया, पगारा एवं नरयावली नाका श्मशान घाट अंतिम संस्कार के लिए जाना पड़ता है जो बहुत दूरी पर स्थित हैं। विठ्ठल नगर वार्ड में ही 80 डिसमिल शासकीय भूमि उपलब्ध है अगर यह भूमि श्मशानघाट के लिए आवंटित हो जाती है तो विठ्ठल नगर वार्ड से लगने वाले लगभग 9 वार्डों के नागरिकों को सुविधा हो जाएगी तथा उन्हें दूर नहीं जाना पड़ेगा। कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने रिक्त पड़ी शासकीय भूमि की जांच करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पार्षद देवेंद्र अहिरवार, पार्षद प्रतिनिधि रामू ठेकेदार कन्हई पटेल संजय दुबे, महेश जाटव सहित अन्य वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

छात्राओं ने विद्यालय का भ्रमण किया: राहतगढ़। शुक्रवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्राओं ने सीएम राइज विद्यालय का भ्रमण किया। सीएम राइज विद्यालय पहुंचने पर शिक्षकों एवं छात्राओं का ज्वायफुल एक्टिविटी के माध्यम से सम्मान किया गया। सर्किल मीटिंग में सभी ने अपने विचार रखें।

# संगीता तिवारी नपा की अध्यक्ष मनोनीत, कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई

**विजय मत, गढ़ाकोटा**



गढ़ाकोटा नगर पालिका में संगीता मनोज तिवारी नपा अध्यक्ष बनाई गई।एवं समर्थकों ने पटाखे फोड़कर मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। नगर पालिका की सभागार कक्ष में पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव के समक्ष श्रीमती संगीता मनोज तिवारी को रिटर्निंग अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी गोविंद प्रसाद दुबे ने अध्यक्ष मनोनीत होने का प्रमाण पत्र दिया। गढ़ाकोटा नगर पालिका में एक अनूठी मिसाल पेश की है समझौता के आधार पर दो पार्षदों के बीच पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव के समक्ष समझौता हुआ था कि एक पार्षद नगर पालिका अध्यक्ष बनता है तथा 2 साल बाद वह इस्तीफा देता है और दूसरे पार्षद को नगर पालिका अध्यक्ष बनाता है।गढ़ाकोटा नगर पालिका की जहां एक ओर सभी जगह लोग कुर्सी के लिए न जाने क्या-क्या करते हैं लेकिन एक अनोखा नजारा देखने को मिला है जहां समझौते के आधार पर नगर पालिका अध्यक्ष दीपा दिनेश लहरिया ने इस्तीफा देकर अपने साथी पार्षद संगीता मनोज तिवारी को नगर पालिका अध्यक्ष बनाया है। सभी 23 पार्षद पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव के निज निवास गणनायक पर पहुंचते हैं।और उनके निर्देशों का पालन करते हैं। भाजपा नेता अभिषेक भार्गव के द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सारोठिया के पत्र के माध्यम से संगीता मनोज तिवारी को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया जाता है। जिसके बाद सभी पार्षद गण निर्देशों की परिपालन हेतु नगर पालिका कार्यालय पहुंचते हैं जहां सारी चुनाव प्रक्रिया के बाद संगीता मनोज तिवारी को निर्विरोध नगर पालिका अध्यक्ष चुना जाता है। इस अवसर पर गोपाल भार्गव ने कहा कि इस प्रकार का मामला संभवत देश का पहला मामला होगा जहां छोटे से छोटे पद के लिए कोई छोड़ने को तैयार नहीं होता है तो वही दीपा दिनेश लहरिया ने नगर पालिका अध्यक्ष जैसे बड़े पद को त्यागपत्र देकर एक मिसाल पेश की है यह संभवत- नगर पालिका इतिहास में पहला मामला होगा। श्री भार्गव ने दीपा दिनेश लहरिया की भी तारीफ की तो वहीं संगीता मनोज तिवारी की ताजपोसी की गई। इस अवसर पर तहसीलदार ऋषि गौतम एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी आदि मौजूद थे।

### अधिकारियों से चर्चा कर उनके निराकरण के निर्देश दिए

# सांसद लता वानखेड़े ने जनसंवाद के माध्यम से सुनीं क्षेत्र की समस्याएं

**विजय मत, सागर**



सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े ने शुक्रवार को सांसद संवाद केंद्र में लोकसभा क्षेत्र सागर-विदिशा से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर उनके निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने उपस्थित होकर अपनी-अपनी समस्याओं से सांसद डॉ. वानखेड़े को अवगत कराया, जिनको सुनते हुए उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं को सुनना और उनके निराकरण के लिए तत्पर रहना है। उन्होंने जनसंवाद के दौरान नागरिकों द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि जल्द ही इनका समाधान किया जाएगा। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान आए नागरिकों ने समस्याओं को सांसद के सामने रखा। इनमें सड़क, पेयजल, इलाज संबंधी और विमुक्त एवं घुमंतू फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष वीरसींग छारी ने उक्त वर्ग की समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने कहा, मेरा प्रयास है कि क्षेत्र की हर समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से हो। मैं जनता के साथ खड़ी हूं और उनकी हर समस्या को हल करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही हूं। यह जनसंवाद कार्यक्रम क्षेत्र के विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। सांसद वानखेड़े ने जनता और अधिकारियों के बीच संवाद की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि वह इस प्रकार के कार्यक्रमों को भविष्य में भी आयोजित करती रहेंगी। कार्यक्रम के अंत में सांसद ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर खुलकर अपनी बात रखें और क्षेत्र के विकास में सहयोग करें। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एड. हरिराम सिंह ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर नामदेव, पार्षद मेघा दुबे, रानी अहिरवार, संतोष रोहित, मनीष नेमा, राजकुमार टोटे, रामगोपाल सोनी, संतोष ठाकुर, विजय जड़िया, रमेश चौधरी, विक्रम सिंह, मानसिंह रघुवंशी, दीपक मालवीय, रोशन कुर्मी, आदि बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।

**प्रशिक्षण का आयोजन: बीना।** बी.पी.सी.एल. रिफाइनरी बीना द्वारा चलाये जा रहे समृद्धि प्रोजेक्ट के अंतर्गत जो कि बीएआईएफ इंस्टीट्यूट फॉर सस्टेनेबल लाइवलीहुड एंड डेवलपमेंट मध्य प्रदेश द्वारा संचालित है, पशुपालन विभाग सागर के सहयोग से ग्राम बरखेड़ी टांडा में बकरी पालन संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से प्रशिक्षण में गांव की महिलाओं ने भाग लिया। उद्घाटन प्रशिक्षक डॉ. सोनाली ने किया।

## स्वनीधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़ा का मिल रहा लाभ

**विजय मत, खुरई**

नगरीय क्षेत्रों में रेहड़ी,पटरी एवं अन्य फुटकर विक्रेताओं हेतु शुरू की गई जन कल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत नगर पालिका खुरई द्वारा पात्र हितग्राहीयों हेतु स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़ा चलाया जा रहा है,जिसके अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में पथ विक्रेताओं,रेहड़ी,पटरी वाले दुकानदारों, फुटकर विक्रेताओं हेतु बैंकों के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है,प्रथम बार में पात्र हितग्राही को रुपए 10 हजार की ऋण राशि जीरो प्रतिशत ब्याज की दर से उपलब्ध करवाई जाती है,जिसका समय एक वर्ष अधिकतम 12 महीने का होता है,उक्त राशि की वापसी हितग्राही को किश्तों के माध्यम से करनी होती है,प्राप्त ऋण राशि का भुगतान पूर्ण हो जाने के पश्चात दूसरे चरण में रुपए 20 हजार एवं तृतीय चरण में 50 हजार रुपए की ऋण सहायता उपलब्ध कराई जाती है, प्रभारी अतुल तिवारी ने बताया कि इस योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंच सके इस हेतु शासन के आदेशानुसार 18 नवंबर 2024 से 2 दिसंबर 2024 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश मेहतेले के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद खुरई द्वारा भी इस स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़ा को संचालित किया जा रहा है,जिसके अंतर्गत नगरीय क्षेत्र खुरई के रेहड़ी,पटरी,एवं पथ विक्रेताओं के आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है,साथ ही अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना, जननी सुरक्षा योजना,प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना,प्रधानमंत्री जन धन योजना सहित भवन एवं निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण कार्य भी किए जा रहे हैं, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का उद्देश्य फुटकर विक्रेताओं रेहड़ी,पटरी वालों की आर्थिक स्थिति सुधारना है,इस योजना के माध्यम से नगरीय क्षेत्र के पथ विक्रेता पंजीकरण कराकर हितलाभ अर्जित कर सकते हैं,उन्हें बैंकों द्वारा आर्थिक ऋण सहायता उपलब्ध कराई जाती है,जिससे वह अपने व्यवसाय में वृद्धि कर सकें साथ ही इसी योजना में पंजीकरण कराने से और भी अन्य योजनाओं का हितलाभ पात्र व्यक्ति ले सकता है,इन्हीं योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु शासन के निर्देश अनुसार स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़ा का संचालन किया जा रहा है,ऐसे सभी नागरिक जो नगरीय क्षेत्र में पटरी,रेहड़ी, ठेले आदि लगाकर अपनी आजीविका चला रहे हैं।

## यह शहर हम सबका है, इसलिए इसे स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की जिम्मेवारी हम सब की है-निगम आयुक्त



**विजय मत, सागर**

शहर की स्वच्छता और सुंदरता बनाए रखने के लिए निगमायुक्त राजकुमार खत्री द्वारा स्वच्छता के प्रति नागरिकों में जागरूकता विकसित करने और सार्वजनिक स्थलों को कचरे से मुक्त रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं,इसी दिशा में शीतला माता मंदिर के पास बने पुल और उसके आसपास की खाली जगह को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए रेलिंग लगाने का कार्य शुरू किया जा रहा है क्योंकि इस खाली जगह पर अक्सर कचरा फेंका जाता है, जिससे इस क्षेत्र की साफ-सफाई पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता था इसलिए रेलिंग लगाने से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नागरिक यहां कचड़ा न डाल सकें और क्षेत्र की स्वच्छता बनी रहे,इसके साथ ही गोल कुआं के पास स्थित खाली जमीन पर पार्क विकसित करने के भी निगमायुक्त ने निर्देश दिए हैं जिससे यह प्रयास न केवल क्षेत्र को सुंदर बनाएगा बल्कि स्थानीय निवासियों को एक सार्वजनिक स्थल भी प्रदान करेगा जहां वे समय बिता सकें इसी प्रकार काकागंज में गोपाल मंदिर के सामने स्थित पुल के बाजू की खाली जगह, जहां लोग कचरा फेंक देते हैं, उसके भी सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए गए हैं ताकि इस स्थल को भी विकसित कर सुंदर बनाया जा सके। जिला पंचायत भवन के सामने स्थित गौर साहब की प्रतिमा स्थल के पास सौंदर्यीकरण के निर्देश निगमायुक्त ने जिला पंचायत भवन के सामने स्थित गौर साहब की प्रतिमा स्थल के आसपास साफ -सफाई कराने, दीवाल की पुताई और पेवर ब्लॉक लगाकर परिसर के सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शहर की स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं और ऐसे लोगों को चिन्हित करें जो सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेंकते हैं तो उन पर नगर निगम द्वारा चालानी कार्यवाही की जाएगी, इसलिए नागरिकगण नगर निगम के साथ सहयोग करें और शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने में योगदान दें। आयुक्त ने कहा कि यह शहर हम सबका है, और इसकी स्वच्छता हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर निगम इसे सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन इसके लिए नागरिकों का सहयोग अत्यावश्यक है।

## विश्व धरोहर दिवस के उपलक्ष्य में जन जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन

**विजय मत, बीना**

मध्यप्रदेश हमेशा ही सांस्कृतिक विरासतों एवं धरोहरों का प्रदेश रहा हैं। यहां ऐसे अनगिनत स्मारक हैं, जो आज अनछुए होते हुए भी अपना एक अलग ऐतिहासिक महत्व रखते हैं।इसी क्रम में आज हम बात कर रहें कि मध्यप्रदेश की खुरई तहसील के एक छोटे से गॉव गढ़ोला जागीर की जो कभी 161 गॉवों की जागीर हुआ करती थी। आज भी वहॉ किले, प्राचीन बावड़िया एंव कई अन्य ऐतिहासिक स्मारक जीर्ण अवस्था में बिखरे पड़े है जिस पर प्रशासन ध्यान नहीं देता है। सामान्य जन आज भी इन ऐतिहासिक स्थलों से अनभिज्ञ हैं जबकि संविधान के अनुच्छेद में कहा गया है कि हमारी संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्त्व देना और उसे संरक्षित करना भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। ऐतिहासिक स्मारको के संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उददेश्य से खुरई नगर के ज्ञानोदय हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा विश्व धरोहर दिवस के उपलक्ष्य में आज दिनांक 22 नवम्बर 2024 को एक जनजागरूकता साईकिल रैली खुरई से गढ़ोला जागीर तक आयोजित की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य शिक्षकगण भी सम्मिलित हुए। जन जागरूकता रैली का मुख्य उददेश्य स्थानीय ऐतिहासिक स्मारको को संरक्षित करना उनके महत्व को आमजन तक पहुंचना है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, सागर

क्र./नामा.शा./न.नि./2024-25/26 सागर दिनांक 18/07/24.

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिए गए मयन/पाटों पर काम दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए है। अंतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन की 30 दिवस के अन्दर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | प्र. क्र | वार्ड का नाम | किस आधार पर भवन/ प्लाट | नाम बेचवार बसीयतनामा | जिस व्यक्ति का दर्ज होग दानदाता/वंशानुक्रम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 501/24-25 | इंद्रानगर | रजि. बैनामा शपथपत्र | राजेश पिता प्रगनोलम व सोनम पति राजकुमार हरयानी | रमेश वल्द जुगनोमल हरयानी |
| 2. | 502/24-25 | इंद्रानगर | रजि. बैनामा शपथपत्र | सोनम पति राजकुमार हरयानी | रोशन पिता दरयानोमल हरयानी |
| 3. | 502/24-25 | पंतनगर | रजि. बैनामा शपथपत्र | श्वेता पति विजय कुमार जैन | देवेश्वरी पति पुष्पेंद्र सिंह दांगी |
| 4. | 504/24-25 | अंबेडकर | रजि. बैनामा शपथपत्र | भगवानदास, फूलचंद, सीताराम, नरेंद्र उर्फ नारायण पिता रामप्रसाद पटैल | वर्षा पति शैलेंद्र असाटी |
| 5. | 505/24-25 | पंतनगर | रजि. बैनामा शपथपत्र | गोरेलाल पिता तुलसीराम कुर्मी | रामकली पति महेश व रचना पति राजू कुर्मी |
| 6. | 506/24-25 | शुक्रवारी | मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र | भगवानसींग पिता जुगराज सींग लोधी | महाराज सींग पिता भगवान सिंह लोधी |
| 7. | 507/24-25 | तिलकगंज | रजि. बैनामा शपथपत्र | देवी सिंह पिता कुंदु सिंह लोधी | प्रकाशचंद पिता प्यारेलाल जैन |
| 8. | 508/24-25 | भगत सिंह | रजि. बैनामा शपथपत्र | बाबूलाल पिता भैयालाल पटैल | भगवानदास पिता शिवप्रसाद व मुकेश कुमार पिता राम नरेश दीक्षित |
| 9. | 509/24-25 | भगवानगंज | रजि. बैनामा शपथपत्र | जमनाबाई पति स्व. गौरशंकर अहिरवार | अशोक पिता बाबूलाल चौधरी |
| 10. | 510/24-25 | शिवाजी | रजि. बैनामा शपथपत्र | नगर निगम सागर द्वारा प्राधिकृत-राज. अधि. | किरण पति मनु सोनी |

कृते-आयुक्त
निगम पालिक निगम, सागर


## खास खबर

### नानक वार्ड पार्षद पार्षद बीडी रजक ने लगाए आरोप

# अधिकारी ने कॉलोनाइजर को लाभ पहुंचाने के लिए बदला स्थान

**विजय मत, बीना**





नानक वार्ड पार्षद पार्षद बीडी रजक ने कहा नगर पालिका के अधिकारी ने कॉलोनाइजर को लाभ पहुंचाने के लिए बदला क्लीनिक का स्थान। उल्लेखनीय है कि नानक वार्ड पार्षद बीडी रजक ने आरोप लगाया है कि नगर पालिका के अधिकारी कॉलोनाइजर को लाभ पहुंचाने गलत स्थान पर पानी की टंकी और संजीवनी क्लीनिक का निर्माण करा रहे हैं। साथ ही उन्होंने ठेकेदार पर पानी की टंकी का घटिया निर्माण करने का आरोप भी लगाया है। पार्षद बीडी रजक का आरोप है कि नई बस्ती पुलिस चौकी के पास कुरवाई रोड पर शासकीय भूमि है। पहले इसी स्थान पर क्लीनिक का निर्माण किया जा रहा था, लेकिन अधिकारी कॉलोनाइजर को लाभ पहुंचाने उज्जल विहार कॉलोनी में क्लीनिक का निर्माण करा रहे हैं। इसके अलावा उनका आरोप है कि इसी स्थान पर पानी का टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। टंकी के निर्माण में पुराने सरिया का इस्तेमाल किया जा रहा है और गुणवत्ता का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। पार्षद ने आरोप लगाया कि पानी की टंकी का बेस भी कमजोर बनाया है। उन्होंने पिछले दिनों एसडीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा था लेकिन अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई भी नहीं हुई है। कॉलोनी में बन रही पानी की टंकी का काम करने वाले मजदूर कई फीट की ऊंचाई पर काम कर रहे हैं, लेकिन यहां पर ठेकेदार की लापरवाही भी सामने देखने को मिली है। यहां मजदूरों की जान जोखिम में डालकर उनसे काम करवाया जा रहा है। यहां किसी भी मजदूरों को हेलमेट, दस्ताने या जूते नहीं मिले हैं। नगर पालिका के अधिकारी भी आए दिन निरीक्षण करते हैं और उनके सामने ही कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरण के काम करते हैं, लेकिन फिर भी ठेकेदार को निर्देशित नहीं किया जाता है। लापरवाही के चलते पूर्व में हादसे भी चुके हैं, लेकिन इसपर कार्रवाई नहीं हुई है। जनता के हित के लिए जगह लेना पड़ती है। सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया ने बताया कि बीना नगर पालिका क्षेत्र में कोई भी सरकारी जगह नहीं है। जनता के हित के लिए काम करना भी जरूरी है, ऐसे में मजबूरी में किसी की जगह लेना पड़ती है।

**निगम आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 12 नंबर आवासीय परियोजना का निरीक्षण कर दिए निर्देश**

# 12 नम्बर आवासीय परियोजना में एम.आई.जी 3 ब्लॉकों के कार्य 30 दिसम्बर 2024 तक हर हाल में पूर्ण कराएं: हरेन्द्र नारायन

**विजय मत, भोपाल**

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 12 नंबर स्टॉप आवासीय परियोजना का निरीक्षण किया और एम.आई.जी आवासों के 03 ब्लॉकों का कार्य आगामी 30 दिसम्बर 2024 तक पूर्ण करने तथा आधिपत्य सौंपने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने एम.आई.जी., एल.आई.जी., एवं ई.डब्ल्यू.एस श्रेणी के आवासों के लिए निर्धारित समय सीमा में ही कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही चेतावनी भी दी कि यदि निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं किए गए तो संबंधित ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाई जाएगी। इस दौरान निगम आयुक्त नारायन ने 12 नंबर आवासीय परियोजना के रहवासियों/हितग्राहियों से चर्चा भी की। इस मौके पर



अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 12 नंबर आवासीय परियोजना का निरीक्षण किया और यहां निर्माणाधीन एम.आई.जी., एल.आई.जी तथा ई.डब्ल्यू.एस आवासों की संख्या एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि तथा विभिन्न कार्यों की अद्यतन स्थिति के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त नारायन ने 12 नंबर आवासीय परियोजना के रहवासियों/हितग्राहियों से चर्चा भी की और उनके द्वारा अवगत कराए गए कार्यों/समस्याओं को शीघ्रता से निराकृत करने हेतु कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया। निगम आयुक्त नारायन ने 12 नंबर आवासीय परियोजना में एम.आई.जी. 03 ब्लॉकों का कार्य 30 दिसम्बर 2024 तक हर हाल में पूर्ण करने व आधिपत्य सौंपने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने परियोजना स्थल पर पेनल रूम बनाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने एम.आई.जी., एल.आई.जी एवं ई.डब्ल्यू.एस आवासों के निर्माण नियत समय अवधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए साथ ही चेतावनी भी दी कि यदि निर्धारित समय अवधि में कार्य पूर्ण नहीं किए जाते तो संबंधित ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाई जाएगी।

इस दौरान निगम आयुक्त नारायन को अवगत कराया गया कि परियोजना स्थल पर एम.आई.जी श्रेणी के 03 ब्लॉकों में 216 आवास बनाए गए है जबकि एल.आई.जी आवासों के 08 ब्लॉकों में 576 आवास तथा ई.डब्ल्यू.एस श्रेणी के 09 ब्लॉकों में 432 आवास बनाए जा रहे है।

# मध्यप्रदेश में नवंबर की ठंड तोड़ेगी रिकॉर्ड पचमढ़ी सबसे सर्द, इंदौर कंपकंपाया

**विजय मत, ब्यूरो, इंदौर**

मध्यप्रदेश में नवंबर की ठंड ने इस साल पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए, जहां पचमढ़ी में तापमान 7.8 डिग्री तक गिर गया। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर समेत सभी प्रमुख शहरों में पारा 15 डिग्री से नीचे पहुंच गया। मध्यप्रदेश में इस साल नवंबर की ठंड ने पिछले साल के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है। प्रदेश के लगभग सभी शहरों में तापमान सामान्य से नीचे चला गया है, जिसमें पचमढ़ी सबसे ठंडा हिल स्टेशन साबित हो रहा है। राजधानी भोपाल में इस नवंबर का तापमान पिछले 10 सालों में तीसरी सबसे सर्द रात का गवाह बना, जब पारा 10.2 डिग्री सेल्सियस तक गिरा। इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में भी रात का तापमान 15 डिग्री से नीचे आ गया।



### एक सप्ताह में गिरा तापमान

पिछले एक सप्ताह से रात के साथ दिन के तापमान में भी 2-3 डिग्री की गिरावट देखी गई है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, ऐसा ही मौसम अगले कुछ दिनों तक बना रहेगा, जिसके बाद दिसंबर में ठंड और तेज हो जाएगी। इस प्रकार, मध्यप्रदेश में सर्दी ने नवंबर के महीने को कड़ाके की ठंड के साथ यादगार बना दिया है।

***कई शहरों में दस डिग्री से कम है तापमान...*** *पचमढ़ी में सबसे कम तापमान 7.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि अन्य शहरों जैसे शाजापुर, शहडोल, और मंडला में पारा 9 डिग्री के करीब रहा। बड़े शहरों में भोपाल और ग्वालियर में तापमान क्रमशः 10.2 डिग्री और 11.1 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि इंदौर और उज्जैन में यह 13.9 डिग्री और 11.5 डिग्री तक पहुंचा। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिम-उत्तर भारत में चल रही जेट स्ट्रीम हवाओं और दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम के सक्रिय होने से प्रदेश में सर्द हवाओं का असर बढ़ गया है।*

## न्यूज इन शॉर्ट

### सड़क हादसे के बाद 11 महीने से कोमा में रहे पीएचडी छात्र ने दम तोड़ा

**भोपाल।** बागसेवनिया इलाके में संस्कृत के पीएचडी छात्र की सड़क हादसे के बाद करीब 11 महीने तक कोमा में रहने के बाद मौत हो गई। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूलतः सागर जिले का रहने वाला 24 वर्षीय शिवम तिवारी पिता रामस्वरुप तिवारी भोपाल के बागसेवनिया इलाके में स्थित केन्द्रीय संस्कृत विद्यालय से पीएचडी कर रहा था। इसी साल 19 जनवरी की सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह अपनी बाइक से विद्यालय से बाहर निकलकर जा रहा था। मेन रोड पर आते ही अज्ञात तेज रफ्तार वाहन चालक उसकी बाइक को टक्कर मारकर फरार हो गया था। उसे इलाज के लिये एम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने बताया कि छात्र के सिर में घातक चोट आने के कारण वह घटना के बाद से ही वह कोमा में चला गया था। करीब दस महीने तक उसका इलाज जारी रहा लेकिन वह कोमा से बाहर नहीं आया। बीते दिन उसकी हॉस्पिटल में मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस ने बताया कि था की हादसे के बाद ही जनवरी माह में एक्सीडेंट का केस दर्ज किया था।

### सड़क पार कर रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

**भोपाल।** राजधनी के देहाथ क्षेत्र के बैरसिया थाना इलाके में सड़क पार कर युवक को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगने से आई जानलेवा चोटों के कारण युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। थाना पुलिस ने बताया कि मूल रूप से गंजबासौदा का रहने वाला नीलेश सेनी (32) पुत्र लल्लू सेनी बीते दो सालो से विदिशा रोड पर सूखी सेवनिया स्थित एक ढाबे पर रोटी बनाने का काम करते हुए ढाबे पर ही रहता था। नीलेश अविवाहित था, उसकी बड़ी बहन कमला सेनी का ससूराल बैरसिया के ग्राम रूनाहा में है। बीती दोपहर नीलेश बहन से मिलने के लिये उसके ससूराल गया था। रात करीब 11 बजे वह वापस जा रहा था। जैसै ही वह रूनाहा जोड़ पर पहुंचा तभी अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। घटना में गंभीर रुप से घायल नीलेश की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिये भेजा जहॉ से बाद में शव परिवार वालो को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि टक्कर मारने वाले फरार वाहन चालक की पहचान जुटाने के लिये पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे है।

### विवाहिता ने केरवा डैम में छलांग लगाकर की खुदकुशी

**भोपाल।** राजधानी के रातीबड़ थाना इलाके में स्थित केरवा डैम में अपनी सहेलियो के साथ घूमने आई एक विवाहिता ने अचाकन डेम में छलांग लगा दी। हादसे में महिला की मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना के कारणो का खुलासा नहीं हो सका है, जिसकी पुलिस जॉच कर रही है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोलार इलाके में रहने वाली 24 वर्षीय नेहा पाटिल पति रोहित पाटिल शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजे अपनी दो सहेलियों के साथ घूमने के लिये केरवा डेम घूमने आई थी। तीनो सहेलियां डेम पर बातचीत करते हुए चल रही थी। इसी बीच नेहा के मोबाइल पर किसी का फोन आने पर वह बातचीत करते हुए डेम के किनारे पर गई और बात करते-करते ही नेहा ने अचानक डेम में छलांग लगा दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल हादसे का कारण साफ नहीं हो सका है, जिसकी जॉच की जा रही है।

### संपर्क क्राति एक्सप्रेस के एसी कोच से सीआरपीएफ जवान का ट्राली बैग चोरी

**भोपाल।** संपर्क क्राति एक्सप्रेस में सफर के दौरान अज्ञात बदमाशो ने सीआरपीएफ जवान का ट्राली बैग चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार फरियादी मुकेश कृष्णनहार ने लिखित शिकायत करते हुए बताया की वह केरल के रहने वाले है, और सीआरपीएफ में पदस्थ हैं। भोपाल से पुणे जाने के लिये वह संपर्क क्राति एक्सप्रेस पकड़ने के लिये स्टेशन पहुंचे थे। ट्रेन के एसी कोच में सवार होने के बाद उन्होंने अपना ट्राली बैग गेट के पास रख दिया। ट्रेन चलने पर जब उन्होनें देखा तो उनका बैग गायब था। चोरी गये बैग में आईडी कार्ड, पेन कार्ड, आधार कार्ड, हेल्थ कार्ड, वर्दी, सोने की चेन सहित करीब 50 हजार का सामान रखा था। वहीं प्रयागराज एक्सप्रेस के जनरल कोच में इंदौर से खजुराहो का सफर कर रहे राजस्थान के रहने वाले श्याम सिंह का अज्ञात जेबकट ने पैंट की जेब में रखा 30 हजार कीमत का मोबाइल उड़ा दिया। चोरी की जानकारी उन्हें संत हिरदाराम नगर स्टेशन के पास लगी।

**मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर का सिविल वर्क लगभग पूरा**

# एम्स भोपाल तक मेट्रो को दौड़ाने के लिए भाग-दौड़ कर रहे अधिकारी, स्टील ब्रिज पर ट्रैक बिछाने चल रही मशक्कत

**विजय मत, भोपाल**

भोपाल मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर कमर्शियल रन शुरू करने के लिए मेट्रो प्रबंधन एड़ी-चोटी का जोर लगा रहा है। दरअसल ऐसा इसलिए क्योंकि प्रायोरिटी कॉरिडोर के सुभाष नगर डिपो से लेकर रानी कमलापति तक ही मेट्रो दौड़ाने की स्थिति है, लेकिन इसको आगे एम्स तक चलाने की योजना है, इसलिए अधिकारी इन दिनों खूब भाग-दौड़ कर रहे हैं।

### स्टील ब्रिज पर चल रहे काम

एमडी ने रानी कमलापति स्टेशन से डीआरएम ऑफिस स्टेशन को जोड़ने



वाले स्टील ब्रिज और कम्पोजिट ब्रिज पर शेष बचे ट्रैक का भी जायजा लिया। यहां पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। एमडी ने सुभाष नगर से एम्स स्टेशन तक ट्रेन टेस्टिंग आदि के लिए निर्देशित किया। सुभाष नगर डिपो में प्रशासनिक भवन, सिगनलिंग इक्विपमेंट रूम, टेलीकॉम इक्विपमेंट रूम, कंट्रोल रूम, इन्स्पेक्शन-बे, अनलोडिंग-बे, वाशिंग-एरिया, रिपेयर-बे, सब-स्टेशन ओर स्विच यार्ड, टेस्ट ट्रैक, बाउंड्रीवाल (बाहरी दीवार) आदि के निर्माण का निरीक्षण किया।

### अंतिम चरण में निर्माण

- मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर का रूट अप डाउन के साथ करीब 15 किलोमीटर लंबा है।
- प्रबंध संचालक ने बताया कि प्रायोरिटी कॉरिडोर का सिविल वर्क लगभग पूरा हो गया है।
- प्रोजेक्ट के अंदरूनी काम चल रहे हैं।
- आगामी जून में सीएमआरएस को बुलाया जाएगा, इसलिए प्रायोरिटी कॉरिडोर का काम तय समय सीमा में पूरा करना है।
- सेफ्टी सर्टिफिकेट मिलने के बाद ही प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो का संचालन शुरू होगा।

***इन तीन स्टेशनों पर पहुंचे एमडी...*** *एमडी ने एम्स स्टेशन में एंट्री-एग्जिट गेट के काम देखे। इसके बाद अलकापुरी और डीआरएम ऑफिस स्टेशन पर पहुंचे और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान सिस्टम रूम्स, टेलीकॉम इक्विपमेंट रूम, सिगनलिंग रूम, स्टेशन कंट्रोल रूम, टिकट रूम, स्टोर आदि का जायजा लिया। प्लेटफार्म लेवल पर ट्रैक, शेड, थर्ड-रेल का निरीक्षण किया।*

## शस्त्र लायसेंस निरस्ती के चलते उपभोक्ता ने जमा कराई 2 लाख 48 हजार रूपए से अधिक की बकाया राशि

**विजय मत, भोपाल**

दतिया जिला मजिस्ट्रेट द्वारा शस्त्र लाइसेंस निरस्ती की कार्रवाई के सकारात्मक परिणाम आये हैं। इंदरगढ जिला दतिया निवासी बिजली उपभोक्ता बहादुर सिंह ने दतिया न्यायाधीश की कार्रवाई के कारण 2 लाख 48 हजार से अधिक की बकाया राशि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में जमा कर दी है। यह राशि लंबे समय से उपभोक्ता द्वारा अदा नहीं की जा रही थी। महाप्रबंधक दतिया ने बताया कि उपभोक्ता बहादुर सिंह के नाम विद्युत बिल की राशि 2 लाख 48 हजार 690 रुपए काफी समय से लंबित थी। बकायादार के पुत्र स्पर्श यादव के नाम शस्त्र लाइसेंस था। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण का नोटिस दिए जाने के पश्चात उपभोक्ता बहादुर सिंह ने बिजली कंपनी के खाते में पूरी बकाया राशि जमा कर दी।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग अंतर्गत आने वाले 16 जिलों में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आर्म्स डीलर लाईसेंस एवं शस्त्र लाईसेंस की स्वीकृति एवं नवीनीकरण के लिए बिजली कंपनी से नोड्यूज प्राप्त किया जाना अनिवार्य किया गया है। कंपनी द्वारा गृह विभाग, म.प्र.शासन के आदेश के अनुसार कंपनी कार्य क्षेत्र के ऐसे शस्त्रधारी बिजली उपभोक्ता जिनके द्वारा बकाया विद्युत बिलों का समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है, साथ ही ऐसे शस्त्रधारी बिजली उपभोक्ता जो अनधिकृत बिजली का उपयोग अथवा बिजली चोरी करते पाए जाएंगे उनके आर्म्स डीलर लाईसेंस और शस्त्र लाईसेंस को जिला कलेक्टर के माध्यम से निरस्त कराने की कार्यवाही की जा रही है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि जो भी शस्त्र लाईसेंसधारी उपभोक्ता अपनी बकाया बिल राशि जमा नहीं करते हैं तो उनके शस्त्र लाईसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त करवाने की कार्रवाई की जाएगी।


## अशासकीय महाविद्यालय संबद्धता संबंधी प्रबंधन को बनाएं पारदर्शितापूर्णः परमार

» उच्च शिक्षा मंत्री ने की नवीन अशासकीय महाविद्यालय मार्गदर्शिका की समीक्षा

**विजय मत, भोपाल**

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शुक्रवार को मंत्रालय में उच्च शिक्षा अन्तर्गत नवीन अशासकीय महाविद्यालय मार्गदर्शिका की समीक्षा की। परमार ने मार्गदर्शिका में निहित पूर्व प्रावधानों के विभिन्न बिंदुओं पर समग्र विमर्श कर, विविध संशोधन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने कहा कि अशासकीय महाविद्यालय संबद्धता संबंधी प्रबंधन को, विद्यार्थियों के हितों के अनुरूप एवं पारदर्शितापूर्ण बनाएं।



परमार ने कहा कि महाविद्यालयों के अकादमिक एवं शैक्षणिक स्तर में उत्तरोत्तर गुणवत्ता वृद्धि के लिए आवश्यक क्रियान्वयन करें।

बैठक में प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन, आयुक्त उच्च शिक्षा निशांत वरवड़े एवं विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (संबद्धता) डॉ. सुनील सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## 400 के.व्ही. वोल्टेज या उससे अधिक वोल्टेज की ट्रांसमिशन लाइनों के मेंटेनेन्स में होता है बेयर हेंड टेक्निक के हॉट सूट का इस्तेमाल

**भोपाल।** महाकौशल विज्ञान मेले में एम.पी. ट्रांसको के स्टाल में प्रदर्शित एक्सट्रा हाईटेंशन लाइनों के मेंटेनेन्स में उपयोग में आने वाली बेयर हेंड टेक्निक के हॉट सूट पर कुछ भ्रांतियां हैं। इस संबंध में एम.पी. पावर ट्रांसमिशन कंपनी यह स्पष्ट करती है कि बेयर हेंड टेक्निक के हॉट सूट का इस्तेमाल 400 के.व्ही. एवं उससे अधिक वोल्टेज लेवल की ट्रांसमिशन लाइनों के मेंटेनेन्स के लिये ही किया जाता है। एम.पी. पावर ट्रांसमिशन कंपनी 400 के.व्ही. लाइनों के लाइव मेंटेनेन्स में एरियल इंसूलेटेड वर्क प्लेटफार्म के साथ इस हॉट सूट का उपयोग कर ट्रांसमिशन लाइनों का मेंटेनेन्स करती है। सामान्यतः 220 एवं 132 के.व्ही. की ट्रांसमिशन लाइनों के मेंटेनेन्स में भी इस सूट का इस्तेमाल नही होता है। 220 के.व्ही. तथा 132 के.व्ही. की लाइव ट्रांसमिशन लाइनों का सुधार हॉट स्टिक तकनीक के माध्यम से किया जाता है।

**दोनों दल कर रहे अपनी अपनी जीत के दावे**

# विजयपुर और बुधनी उपचुनाव की मतगणना आज

**विजय मत, भोपाल**

मप्र में हुए दो सीटों के उपचुनाव को लेकर मतगणना की तैयारी पूरी हो गई है। बुधनी और विजयपुर सीटों पर 13 नवंबर को मतदान हुआ था। 23 नवंबर को मतगणना के बाद नतीजे घोषित किए जाएंगे। बुधनी और विजयपुर सीट पर भाजपा और कांग्रेस दोनों के ही नेता अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। बुधनी सीट पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का गृहक्षेत्र है। यह सीट लंबे समय से भाजपा का गढ़ है। चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एकजुट होकर प्रचार अभियान को गति दी थी। यहां पर भाजपा प्रत्याशी के चयन को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में नाराजगी सामने आई थी, इससे पार्टी को कुछ नुकसान होने की संभावना है।

हालांकि, पार्टी के नेताओं का कहना है कि सभी ने एकजुट होकर चुनाव प्रचार किया है, नेताओं की नाराजगी को उसी समय दूर कर लिया गया था, भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव यहां से 50 हजार वोटों से जीत दर्ज करेंगे। वहीं, कांग्रेस नेता भी अपने प्रत्याशी पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल की जीत के दावे कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस ने भी इस बार किरार समाज से आने वाले राजकुमार पटेल पर दांव खेला है। कांग्रेस नेता भी उनकी पांच हजार वोटों से जीत का दावा कर रहे हैं। बता दें, सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा सीट पर इस बार मतदान पिछले चुनावों के मुकाबले गिरकर 76 प्रतिशत रह गया, जबकि 2023 में यह 82 प्रतिशत हुआ था।

विजयपुर सीट पर स्थिति दिलचस्प बनी हुई है। एग्जिट पोल के मुताबिक, यहां भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला है। भाजपा ने वन मंत्री रामनिवास रावत को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने आदिवासी वर्ग से आने वाले मुकेश मल्होत्रा को मैदान में उतारा है।

**खास-खबर** **एनजीटी के निर्देश पर प्रशासन की कार्रवाई, आगामी दो माह तक प्रभावी रहेगा आदेश**

# पराली जलाई तो होगी एफआईआर, मप्र में प्रदूषण को रोकने के लिए बनेगा एक्शन प्लान

**विजय मत, भोपाल**

भोपाल जिले में फसल कटाई के बाद अब खेतों में पराली जलाने पर सीधे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत एफआईआर दर्ज की जाएगी। यह आदेश कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निदेश पर अपर कलेक्टर भूपेंद्र गोयल ने गुरुवार को जारी किए हैं। इस आदेश के मुताबिक पराली जलाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रशासन द्वारा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के निर्देशों का पालन करते हुए जिले की सभी राजस्व सीमा में फसल की कटाई के बाद किसानों द्वारा पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। यदि अब किसी किसान द्वारा पराली में आग लगाई जाती है, तो उसके खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज की जाएगी। उसके खिलाफ अन्य कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है।



यह आदेश 21 नवंबर से प्रभावी हो गया है, जो आगामी दो महीने के लिए लागू रहेगा। सभी एसडीएम, तहसीलदार और थानों के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर इसे लगाएंगे। संबंधित क्षेत्र के कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस थाना प्रभारी अपने -अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर उक्त व्यवस्था सुनिश्चित करवाएंगे।

खेत में पड़ा कचरा, भूसा, डंठल सड़ने के बाद भूमि को प्राकृतिक रूप से उपजाऊ बनाते हैं, इन्हें जलाकर नष्ट करना ऊर्जा को नष्ट करता है। आग लगाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है। जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

खेत की आग के अनियंत्रित होने पर जनसंपत्ति व प्राकृतिक वनस्पति, जीवजंतु आदि नष्ट हो जाते है। जिससे व्यापक नुकसान होता है। खेत की मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु इससे नष्ट होते है।जिससे खेत की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है और उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

प्रदेश के शहरों की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए माइक्रो लेवल एक्शन प्लान बनाया जाएगा। यह बात राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनकेप) के अंतर्गत प्रदेश स्तरीय कमेटी की बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कही। बैठक में शहरों के प्रदूषण स्तर पर चर्चा की गई है।

एनकेप अंतर्गत चिह्नित प्रदेश के नॉन अटेनमेंट (जहां प्रदूषण का स्तर सामान्य से अधिक है) शहरों की सूची बनाई है। आगामी बैठक में कलेक्टर व कमिश्नर को प्लान तैयार प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। नॉन अटेनमेंट शहरों में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, देवास एवं सागर शामिल हैं।

# शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग

**विजय मत, भोपाल**

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की यात्रा को लेकर पर बयान देने वाले मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी के खिलाफ संस्कृति बचाओ मंच द्वारा मामला दर्ज करने की मांग की गई है। संगठन ने बयान पर आपत्ति जताते हुए पुलिस कमिश्नर हरि नारायणचारी मिश्र से मिलकर लिखित शिकायत करते हुए प्रकरण दर्ज किये जाने की मांग की है। गौरतलब है कि पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा मध्यप्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम से गुरुवार सुबह बजे हुई है। 9 दिनो की यह यात्रा 9160 किमी का सफर तय करेंगी। इसे लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष बरेलवी ने गुरुवार को बयान जारी कहा था। कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की यात्रा नफरत भरी यात्रा होगी। इसमें हमारे देश को हिंदू राष्ट्र बनाने का नारा दिया जाएगा।




मुझे आशंका है कि कहीं दंगा फसाद न हो जाए। क्योंकि वह हमेशा मुसलमानों के खिलाफ बोलते रहे, मुसलमानों को धमकी देते रहे। देश को हिंदू राष्ट्र बनाने का ऐलान करते रहे। इस बयान को लेकर संस्कृति बचाओ मंच द्वारा मामला दर्ज किये जाने की मांग की गई है। मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी का कहना है कि कहीं ऐसा ना हो कि शहाबुद्दीन रिजवी ने दंगा फैलाने की साजिश पहले से कर रखी हो और 160 किलोमीटर की यात्रा में पथराव हो जाए। इसलिए प्रशासन पहले से सतर्क होकर शहाबुद्दीन रिजवी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज उन्हें गिरफ्तार करना चाहिए।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

## ला ईलाज हो चुका स्मॉग प्रदूषण

उत्तर भारत का एक बड़ा क्षेत्र इन दिनों स्मॉग यानी ज़हरीले धुयें युक्त कोहरे जिसे धूम कोहरा भी कहा जाता है, की चपेट में है। यह कोई पहला अवसर नहीं है जबकि स्मॉग यानी ज़हरीले धुयें की ख़बरें मीडिया में सुर्ख़ियां बटोर रही हों। बल्कि लगभग दो दशक से यह स्थित प्रत्येक वर्ष पैदा हो रही है। हाँ इतना ज़रूर है कि प्रदूषण दिन प्रतिदिन और भी न केवल बढ़ता जा रहा है बल्कि और भी ज़हरीला भी होता जा रहा है। इसका घोर प्रदूषण युक्त वातावरण का ख़ामियाज़ा हमें तरह तरह से भुगतना पड़ रहा है। कहीं विमानों की उड़ानें प्रभावित हो रही हैं तो कहीं ट्रेंस परिचालन में बाधा आने के चलते रेल गाड़ियां लेट हो रही हैं। गत दिनों ख़राब मौसम के कारण ही दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 15 विमानों का मार्ग बदला गया जबकि 100 से अधिक उड़ानों में देरी हुई। सड़कों पर दुर्घटनाओं में इज़ाफ़ा होने लगा है। स्वास्थ्य कारणों से बच्चों के स्कूल बंद कर दिए जाते हैं तो अस्पतालों में सांस और दमा के मरीज़ों की संख्या बढ़ जाती है। यहाँ तक कि एक स्वस्थ व्यक्ति भी ऐसे वातावरण में सांस लेने में दिक़्क़त महसूस करने लगता है। लोगों को खुजली हो रही है और आंखों में जलन व आँखों से पानी आने की शिकायतें आ रही हैं। मास्क लगाना या न लगाना दोनों ही स्थिति में लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी बढ़ते प्रदूषण की वजह से हालात गंभीर बने हुए हैं। पिछले दिनों पाकिस्तान के लाहौर में स्मॉग यानी ज़हरीले धुएं की इतनी मोटी चादर बिछ गई जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देने लगी। अब ख़बर तो यहां तक है कि स्मॉग यानी ज़हरीले धुएं से पैदा होने वाले इस प्रदूषण को कम करने के लिए वहां लॉकडाउन लगाने तक की योजना बन रही है। सवाल यह है कि गत लगभग 2 दशक से निरंतर प्रदूषित होते जा रहे इस ज़हरीले धुएं युक्त वातावरण और अनेक माध्यमों से इनसे होने वाले आर्थिक नुकसान व स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के लिये ज़िम्मेदार कौन है।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# भारत में एकात्म मानववाद के सिद्धांत को अपनाकर हो आर्थिक विकास

**प्रहलाद सबनानी**

भारतीय संस्कृति के अनुसार ही भारतीय आर्थिक दर्शन में भी सृष्टि की समस्त इकाईयों, अर्थात व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र एवं समष्टि को एक माला की कड़ी के रूप में देखा गया है। एकता की इस कड़ी को ही पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने 'एकात्म मानववाद' बताया है। एकात्म मानववाद वैदिक काल से चले आ रहे सनातन प्रवाह का ही युगानुरूप प्रकटीकरण है। सनातन हिंदू दर्शन आत्मवादी है। आत्मा ही परम चेतन का अंश है। पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने समाज और राष्ट्र में भी चित्त, आत्मा, मन, बुद्धि एवं शरीर आदि का समुच्चय देखा है। अतः इस एकात्म मानववादी दर्शन के उतने ही आयाम एवं विस्तार है, जितनी मनुष्य की आवश्यकताएं हैं। इन विभिन्न आवश्यकताओं का केंद्र बिंदु अर्थ को ही माना गया है। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र की परिभाषा में लिखा है कि अर्थशास्त्र का मुख्य अभिप्राय, अप्राप्ति की प्राप्ति; प्राप्ति का संरक्षण तथा संरक्षित का उपभोग है। एकात्म मानववाद में भी आर्थिक व्यवहार उक्त आधारों पर ही टिके होते हैं। इस प्रकार, अर्थशास्त्र की दिशा स्वतः ही विकासवादी हो जाती है।

भारत के नागरिक पिछले लम्बे समय से पश्चिमी शिक्षा व्यवस्था में पले बढ़े हैं अतः वे भारत की पौराणिक एवं वैदिक ज्ञान परम्परा से विमुख हो गए हैं। इसी प्रकार, प्राचीन भारतीय अर्थशास्त्र एवं आर्थिक चिंतन से भी हम भारतीय इतने अधिक दूर हो गए हैं कि प्राचीन भारतीय अर्थशास्त्र को सिर्फ उक्ति एवं सिद्धांत मानने के साथ साथ अव्यवहारिक भी मानने लगे हैं। जबकि, वैदिक साहित्य में धन के 22 से अधिक प्रकारों की स्पष्ट व्याख्या की गई है, जिसमें शेयर से लेकर आय एवं मूलधन भी सम्मिलित है। प्राचीन भारत के आर्थिक चिंतन को आज यदि लागू किया जाता है तो केवल भारत ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानवता का कल्याण होगा, क्योंकि हिंदू अर्थशास्त्र एकात्म मानववाद पर आधारित है, जिसमें व्यक्ति अपने लिए नहीं, वरन समष्टि के लिए जीता है। इसे निम्नलिखित सूत्र के माध्यम से अधिक स्पष्ट किया जा सकता हैं -



हिंदू अर्थशास्त्र = व्यक्ति × परमार्थ (एकात्म मानववाद एवं त्याग)

पश्चिमी अर्थशास्त्र = व्यक्ति × स्वार्थ (आत्म केंद्रित एवं लाभ)

विकास का दूसरा स्वरूप रजस को माना गया। इस रजसवादी विकास के तत्व हैं अहंबुद्धि, प्रतिष्ठा, मानबढ़ाई, लौकिक, पारलौकिक सुखा मत्सर, दम्भ एवं लोभ तथा इसकी उपस्थिति त्रेतायुग में मानी गई है। इसे मानवीय और मध्यम माना गया है। इसी प्रकार, विकास का तीसरा स्वरूप तमस को माना गया है। इस तमसवादी विकास के तत्व हैं असत्य, माया, कपट, आलस्य, निंदा, हिंसा, विषाद, शोक, मोह, भय तथा इसकी उपस्थिति कलयुग में मानी गई है। इस प्रकार सत, रज एवं तम गुणों के आधार पर उक्त विकास के तीन रूपों के साथ एक मिश्रित विकास का भी मॉडल माना गया है, जिसमें रजस एवं तमस गुण मिले होते हैं और इस मॉडल की उपस्थिति द्वापर युग में मानी गई है।

इस प्रकार भारतीय चिंतन परम्परा में विकास के उक्त चार प्रारूप माने गए हैं। इन चारों प्रारूपों का उपयोग चार युगों सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग एवं कलियुग में होता पाया गया है। इसमें सबसे उत्तम सतयुगी विकास प्रारूप को माना गया है तथा सबसे अधम कलियुगी विकास प्रारूप को माना गया है। भारत में, वर्तमान खंडकाल में त्रेतायुग के रामराज्य को भी बहुत अच्छा माना गया है एवं इसके स्थापना की कल्पना की जाती रही है। पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने महात्मा गांधी जी के ट्रस्टी शिप एवं हिंद स्वराज्य के विवेचन को भी अपने विमर्श में स्थान दिया है। इस प्रकार भारतीय चिंतन परम्परा का आदर्श रामराज्य है, इसमें भरत जैसे राजा एवं जनक जैसे राजा तपस्वी के रूप में राज्य करते थे। स्वयं श्रीराम धर्म की मर्यादा को अपने लिए भी लागू करते थे एवं धर्म की मर्यादा का कभी भी उल्लंघन नहीं करते थे। सदैव प्रजा एवं प्रकृति की रक्षा एवं संवर्धन करते रहते हैं। यह एक ऐसा विकास का प्रारूप है जो आज भी आदर्श है। रामराज्य की अवधारणा भी एकात्म मानववाद के आधारों पर खड़ी थी। यह शासन तथा विकास एवं व्यवस्था में सब की भागीदारी तथा सब के लिए व्यवस्था थी, जो प्रकृति आधारित विकास पर बल देती थी।

भारत में सबसे छोटी इकाई व्यक्ति पर बल दिया गया है और उसका संगठन किया गया है। भारत में व्यक्ति के स्वरूप को जिस प्रकार संगठित और एकात्म किया गया वैसा पश्चिम में नहीं हो सका है। पश्चिम में केवल भौतिक प्रगति पर ही बल दिया गया है। पूरे विश्व में आज सर्वाधिक विकसित राष्ट्र अमेरिका को माना जाता है। अमेरिका में नागरिकों की भौतिक प्रगति तो बहुत हो गई है, परंतु अमेरिका के नागरिकों में सुख, संतोष और समाधान का पूर्णतया अभाव है। अमेरिका में व्यक्ति के जीवन में परस्पर विरोध, असमाधान, असंतोष, सर्वाधिक अपराध और आत्महत्याएं बहुत बड़ी मात्रा में व्याप्त हैं। अमेरिकी नागरिकों में तीव्र रक्तचाप, हृदय रोग एवं अपराध की प्रवृत्ति बहुत अधिक मात्रा में पाई जा रही है। पूरे विश्व को प्रभावित करने की क्षमता रखने वाला अमेरिका अपने नागरिकों के लिए भौतिक समाधान से आगे बढ़कर मानसिक समाधान प्राप्त नहीं कर सका है। इस धरा पर जन्म लेने के बाद प्रत्येक व्यक्ति का अंतिम लक्ष्य आखिर है क्या? सम्भवतः सुख जो चिरंतन एवं घनीभूत हो। इतनी भौतिक प्रगति करने के बाद भी अमेरिका एवं यूरोपीय देशों के नागरिकों में समाधान व सुख का अभाव है। ईसा ने कहा था कि 'सम्पूर्ण संसार का साम्राज्य भी प्राप्त कर लिया और यदि आत्मा का सुख खो दिया तो उससे क्या लाभ?'

भारत में छोटी से छोटी इकाई व्यक्ति संगठित और एकात्म है एवं व्यक्ति को खंडो में विभक्त समझने की बुद्धिमता प्रदर्शित नहीं की गई है। परंतु, अमेरिका के एक मनोवैज्ञानिक ने वर्णन किया है कि 'सड़कों पर एक ऐसी बड़ी भीड़ हमेशा लगी रहती है जो आत्मविहीन, मानसिक दृष्टि से अस्वस्थ, एक दूसरे से अपरिचित और निःसंग स्थिति में है। उनका अपने ही साथ समन्वय नहीं तो दुनिया के साथ क्या होगा? व्यक्ति का समाज के साथ समन्वय नहीं। व्यक्ति भी संगठित और एकात्म इकाई नहीं। केवल भौतिक स्तर पर विचार करने के कारण वहां व्यक्ति को भौतिक एवं आर्थिक प्राणी माना गया है। यदि भौतिक आर्थिक उत्कर्ष मानव को मिले तो उससे सुख की प्राप्ति होगी, यह माना गया। किंतु भौतिक आर्थिक उत्कर्ष की चरम सीमा होने पर भी सुख का अभाव है और इसका कारण यही है कि वहां खंड खंड में विचार करने की प्रणाली है, जिसमें व्यक्ति को केवल भौतिक आर्थिक प्राणी मान लिया गया है और व्यक्ति के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर संगठित एवं एकात्म रूप में विचार नहीं किया गया है। भारत के प्राचीन ग्रंथों में यह माना गया है कि मनुष्य एक आर्थिक प्राणी भी है एवं 'आहार, निद्रा, भय, मैथुन, आर्थिक आवश्यकताओं, आदि' की तृप्ति की बात भारत में भी कही गई है। इन जरूरतों की पूर्ति होना चाहिए, इस तथ्य को भी स्वीकार किया गया है। किंतु भारत में मनुष्य को आर्थिक प्राणी से कुछ ऊपर भी माना गया है। मनुष्य आर्थिक प्राणी के साथ साथ वह एक शरीरधारी, मनोवैज्ञानिक, राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक प्राणी भी है। भारतीय मनुष्य के व्यक्तित्व के अनेकानेक पहलू है। अतः यदि सम्पूर्ण व्यक्तित्व के सभी पहलुओं का संगठित और एकात्म रूप से विचार नहीं हुआ तो उसको सुख समाधान की अवस्था प्राप्त नहीं हो सकती। इसलिए भारत में इस दृष्टि से संगठित एवं एकात्म स्वरूप का विचार हुआ है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

> "एकात्म मानववादी अर्थशास्त्र में व्यक्ति अपने एवं अपनों के स्थान पर समष्टि तथा चराचर और परमार्थ के लिए जीता है। जिसमें स्वयं के लिए मुनाफा एवं लाभ के स्थान पर दूसरों की चिंता मुख्य होती है। परंतु, इसके ठीक विपरीत पश्चिम का अर्थशास्त्र आत्मकेंद्रित व्यवहार एवं स्वार्थ पर खड़ा है। पश्चिम के विकासवादी दर्शन का केंद्र मुनाफा, स्वार्थ एवं लाभ है। परंतु, हिंदू आर्थिक चिंतन के आधार पर खड़े एकात्म मानववाद का आधार अथवा केंद्र परमार्थ है। इसलिए एकात्म मानववादी आर्थिक विकास में विकास केवल अर्थ के लिए नहीं वरन परमार्थ के लिए है। हिंदू आर्थिक दर्शन परम्परा में विकास की अवधारणा को समग्रता में व्यक्त किया गया है। यह विकास त्रिगुण आधारित है। इस त्रिगुण में - सत, रज एवं तम सम्मिलित है। प्राचीन भारतीय चिंतन में सत्तवादी विकास श्रेष्ठ माना गया है। इस सत्तवादी विकास के तत्व हैं ज्ञान, तपस्या, सदकर्म, प्रेम एवं समत्वभाव तथा इसकी उपस्थिति सतयुग में मानी गई है।"

## कातिल सड़कों पर तबाह होता जीवन एक गंभीर चुनौती

**ललित गर्ग**

अलीगढ़ में सड़क हादसा, यमुना एक्सप्रेसवे पर बस-ट्रक भिड़ी, 5 की मौत, 15 से अधिक घायल। राजस्थान में पाली-जोधपुर हाइवे पर मरीज को एक एम्बुलेंस से दूसरे में शिफ्ट करते समय डम्पर ने मारी टक्कत, चार की मौत। दिल्ली के सिग्नेचर ब्रिज पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय के दो मेडिकल छात्रों की मौत। लखनऊ में दो अलग-अलग सड़क हादसों में वृद्धा समेत दो की मौत। उत्तराखंड के देहरादून में 12 नवंबर को हुए सड़क हादसे में 6 छात्रों की मौत। ऐसे अनेक सड़क हादसे पिछले दो-तीन दिन में हुए है। वाकई भारत की सड़कों पर चलना अब जान हथेली में रखकर चलने जैसा ही होता जा रहा है। ये कातिल सड़क हादसे गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि ऐसी दुर्घटनाओं में निर्दोष लोग ही मारे जाते हैं। देश की इन कातिल एवं खूनी सड़कों की हकीकत बताता केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय का एक डराने वाला आंकड़ा पिछले दिनों सामने आया। मंत्रालय के अनुसार पिछले दस सालों में हुए सड़क हादसों में 15 लाख लोग मारे गए। कमोबेश सारे देश में ऐसी घटनाएं सुनने में आती हैं जिनमें रोज सैकड़ों लोगों की जीवन लीला समाप्त हो जाती है। भारत का सड़क यातायात तमाम विकास की उपलब्धियों एवं प्रयत्नों के बावजूद असुरक्षित एवं जानलेवा बना हुआ है, सुविधा की खूनी एवं हादसे की सड़कें नित-नयी त्रासदियों की गवाह बन रही है। भारत में सड़क दुर्घटनाएं मौतों और चोटों के प्रमुख कारणों में से एक रही हैं। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत की जीडीपी का करीब तीन से पांच फीसदी हिस्सा सड़क हादसों में लगा है। न केवल भारत बल्कि विश्व में सड़क यातायात में मौत या जख्मी होना कुछ बहुत बड़ी परेशानियों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर वर्ष 13 लाख से अधिक लोग सड़क हादसों के शिकार व्यक्ति की मौत हो जाती है। ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि देश में हर दस हजार किलोमीटर पर मरने वालों की दर 250 है जबकि अमेरिका, चीन और आस्ट्रेलिया में यह संख्या 57, 119 व 11 है। निश्चित रूप से भारत में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों का यह आंकड़ा एक संवेदनशील व्यक्ति को हिलाकर रख देता है। सड़क हादसों में सबसे ज्यादा मौतें भारत में होती है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

# लाड़ली बहना योजनाः महिला सषक्तिकरण की ओर बढ़ते कदम

**निलय श्रीवास्तव**

प्रखर चिंतक स्वामी विवेकानंद कहते थे कि जहाँ बेटियों की शिक्षा पूरी होती है, वहाँ का समाज विकसित होता है। जहाँ महिलाओं का सम्मान होता है, वहाँ देवता वास करते हैं। विवेकानंद जी हमेशा ही नारी को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की पहल करते और कहते थे कि महिला को सामाजिक और आर्थिक रूप से इतना सहारा दिया जाये जिससे वह स्वयं के जीवन का निर्माण कर सके। विवेकानंद का यह प्रयास आगे चलकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ। विशेषतः मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण पर चिंतन मनन किया गया। अब मध्यप्रदेश अनुमानतः देश का पहला ऐसा राज्य बन चुका है जहाँ बेटियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ा जा रहा है। प्रसंगवश बता दें कि लाड़ली बहना योजना की सफलता इस बात से प्रमाणित होती है कि उसका अनुसरण दूसरे राज्य भी कर रहे हैं। महाराष्ट्र सरकार ने इसे प्रमुखता से अपनाया है। कुछ अन्य राज्य भी इस योजना को अपनाने पर गहन विचार कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में पहले इस योजना को बतौर प्रयोग के रुप में लागू किया गया था लेकिन महज डेढ़ साल से भी कम समय में इसे मिली अपार लोकप्रियता, सराहना तथा विश्वास ने चमत्कार सा कर दिखाया और उन लोगों को सीधा जवाब मिल गया जो इसके लागू होने के आरम्भ में कुशंका पैदा कर रहे थे। योजना के अंतर्गत वितरित की जा रही राशि समय पर जरुरतमंद महिलाओं के खातों में पहुँचती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं इसके क्रियान्वयन पर निगरानी रखकर मानिटरिंग करते हैं । यही वजह है कि लाड़ली बहना योजना सफलता अर्जित कर प्रदेश के लोगों का विश्वास जीत चुकी है। मुख्यमंत्री इस योजना की सफलता और परिणाम को लेकर चिंतित रहते हैं। उनकी चिंता उनके वक्तव्यों में स्पष्ट रूप से झलकती भी है। कह सकतें हैं कि इस योजना ने प्रदेश की महिलाओं के जीवन में आशा और विश्वास के प्रकाश की किरणें बिखेरी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के षब्दों में ''लाड़ली बहना योजना हमारे सनातन धर्म की उस भावना की




प्रतीक है, जिसमें हम मातृ षक्ति को सम्मान देते हैं। माता बहनों को दिया गया पैसा कभी व्यर्थ नहीं जाता।''

यह मध्यप्रदेश का सौभाग्य है कि सरकार महिला सशक्तिकरण, बालिका प्रोत्साहन तथा सुरक्षा पर अन्य राज्यों के मुकाबले अधिक व्यय कर रही है। प्रदेश की महिलाओं की समृद्धि, उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर रोजगार से जोड़ने के लिये सारे जतन किये जा रहे हैं। प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव स्वयं इस दिशा में प्रयासरत रहते हैं। वे समय-समय पर काम की समीक्षा कर आवश्यक धन राशि जुटाने के लिये प्रयत्नशील रहते हैं। बेटियों के स्वावलम्बन में

वे कोई कमी नहीं आने देना चाहतें। सभी जानते हैं कि विगत् 9 नवंबर को मध्यप्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1573 करोड़ रूपयों की राशि का अंतरण किया गया। यह सिलसिला पिछले लगभग डेढ़ साल से निरंतर चल रहा है। लाड़ली बहना योजना से पूर्व लाड़ली लक्ष्मी, कन्यादान तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनायें महिला सशक्तिकरण की दिशा में कारगर साबित हुयीं हैं। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से सुखद परिणाम निकले और महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक स्थिति में तेजी से बदलाव देखे गये। सामाजिक विषयों पर पैनी नजर रखने वालों का स्पष्ट मानना है कि मध्यप्रदेश में पिछले कुछ वर्षों को देखा जाये तो महिलाओं के जीवन में व्यापक स्तर पर बदलाव आये हैं, जागरुकता भी बढ़ी है। यहाँ बता दें कि किसी भी प्रदेश का विकास महिलाओं की समृद्धि के बिना अधूरा है। महिलाओं के आत्मनिर्भर होने से ही प्रदेश की तरक्की सुनिश्चित मानी जाती है।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव धर्म, आध्यात्म में गहन आस्था रखने के साथ-साथ अपने प्रदेश के लोगों से बेहद लगाव रखते हैं। उनके अल्प समय के कार्यकाल में प्रदेश में अनेक दुर्लभ और असम्भव काम हुए हैं। उनके ही प्रयासों का सुफल परिणाम है कि मध्यप्रदेश में महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना निर्धारित किया गया है। पूर्व में आरक्षण 33 प्रतिशत था। इससे प्रदेश भर की महिलायें लाभांवित होंगीं। महिलाओं को सरकारी नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण देकर मध्यप्रदेश देश के अन्य राज्यों के लिये नजीर बन गया है। आरक्षण से उन बेटियों को भी लाभ मिलेगा जो स्वयं के संसाधनों से पढ़ायी- लिखायी कर रोजगार के लिए संघर्ष करती हैं। इसके सूत्रधार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हैं। यहाँ स्पष्ट कर दें कि अब समय आ गया है जब सरकार के कामकाज में पारदर्शिता बढ़ाना होगी। जनसहभागिता की भी दरकार है। क्योंकि बिना जन सहयोग के किसी भी काम के सुखद परिणाम मिलना मुश्किल है। वहीं सामाजिक संस्थाओं को भी प्रदेश के विकास में सहभागी बनते हुए संचार संसाधनों के माध्यम से लोगों को जागरुक करना होगा। ध्यान रहे कि हमारे प्रदेश की आबादी का एक तिहाई हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों में रहता है। वहाँ की महिलाओं तथा बेटियों को उनके अधिकारों के प्रति सचेत करना नितांत आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकायें परिश्रमी और प्रतिभाशाली होती हैं। उन्हें प्रोत्साहन के साथ अवसर मिले तो वह अपने पैरों पर खड़ी होकर स्वावलम्बी बन सकती हैं। सरकारी नौकरियों में उनको भी भरपूर लाभ मिलना चाहिये। याद रहे प्रदेश सबका है, सबके हित सर्वोपरि हैं। सबका साथ,सबका विकास की थीम पर हमको आगे बढ़ना होगा। तभी हम स्वर्णिम मध्यप्रदेश की अवधारणा को पूरा कर सकेंगें।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

## शब्द पहेली - 8196

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 |
| | ■ | ■ | 5 | 6 | 7 | | ■ | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | | ■ | ■ | |
| ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | | ■ | 16 | | | ■ |
| 17 | | | ■ | 18 | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | 20 | | ■ | ■ | 21 | 22 |
| | ■ | 23 | | | 24 | ■ | ■ | |
| 25 | | | ■ | ■ | 26 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. अँगरखा-4
3. मान-सम्मान, इज्जत-3
5. शुभाशीर्वाद, नियामत-4
8. केश-2
10. कसम, प्रतिज्ञा, वचन-2
11. बुरी आदत-2
13. मगरमच्छ-3
15. परिणाम-3
16. माँड़ी, स्टार्च-3
17. अक्षर (उर्दू-3)
19. रोम, केश-2
20. अधिकार, आरोप-2
21. सतह, स्तर, पटल-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. सभ्यीकरण, विवेक-3
26. एक प्रसिद्ध कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1. अनोखा, विचित्र, विलक्षण-3
2. नया, नवीन-2
3. इज्जत-2
4. कपोल-4
6. गमन, प्रेषित-3
7. पिता के पिता-2
9. चुनौती-4
13. गंदगी का ढ़ेर-3
14. असावधानी-4
17. जेल, कालकोठरी-4
18. शोर, ध्वनि, कंपन्न-3
20. ताप, शवदाह-2
22. यज्ञ, आहुति दान-3
23. रहस्य-2
24. जल, पानी-3

**शब्द पहेली -8195 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | न | ब | न | ■ | सौ | ■ | ■ |
| ■ | प | ■ | री | ■ | स | त | ल | ज |
| जि | रा | फ | ■ | द | म | न | ■ | ल |
| ■ | ध | र | ती | ■ | झ | ■ | रा | ज |
| फि | ■ | क | मा | नी | दा | र | ■ | ला |
| त | न्हा | ■ | र | ■ | र | ह | म | ■ |
| र | ■ | म | दा | री | ■ | ना | र | द |
| त | र | का | री | ■ | जा | ■ | घ | ■ |
| ■ | ■ | न | ■ | प | न | घ | ट | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6981

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6980 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## न्यूज इन शॉर्ट



### विवेकानंद पैरामेडिकल कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

शहडोल। शुक्रवार को विवेकानंद पैरामेडिकल कॉलेज शहडोल में मानसिक स्वास्थ्य विभाग शहडोल द्वारा निरोगी काया अभियान में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मुकुंद चतुर्वेदी नोडल ऑफिसर मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शहडोल से सीमा बानो नर्सिंग ऑफिसर मनकाक्ष ,पूनम सिंह काउंसलर जिला चिकित्सालय शहडोल उपस्थित रहे। मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई तथा मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर कैसे बनाया जा सकता है।उसके बारे में बताया गया।अभियान के अंतरगत कॉलेज के प्राचार्य डॉ.हरीश गुप्ता सीनियर स्टाफ डॉक्टर नम्रता पटेल,मनीष गुप्ता,राजकिशोर दुबे, सरिता जायसवाल,शारदा यादव,शिवानी सिंह राजपूत, प्रीति विश्वकर्म, लक्ष्मी प्रजापति,आशु प्रजापति, उमेश सोंधिया,अर्पिता पांडे, हर्षिता मिश्रा, सुधा राठौर और विवेकानंद पैरामेडिकल कॉलेज के सभी छात्राएं उपस्थित रहे।



### कुलपति द्वारा शासकीय सम्पत्ति के दुरूपयोग के विरोध में राज्यपाल के नाम कमिश्नर को दिया ज्ञापन

शहडोल। पण्डित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल में 6 साल पहले छात्रों के लिए बनकर तैयार छात्रावास जो आज तक छात्रों के लिए नही खोला गया,उस छात्रावास को विश्वविद्यालय के कुलपति ने अपने पुत्र की शादी में मेहमानों के लिए सुविधाओं से युक्त कर दिया है। सरकारी संपत्ति का बेटे के शादी के लिए किया जा रहा है दुरूपयोग। विश्वविद्यालय कैम्पस में डीजे की शोर सराबा करके छात्रों के पढ़ाई के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जिस विश्वविद्यालय की सालो से सफाई तक नहीं की गई थी उसे बेटे के शादी के लिए चमकाया गया है। कुलपति द्वारा शासकीय सम्पत्ति के दुरूपयोग करने पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सौरभ तिवारी के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम, कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन देते समय प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष सौरभ तिवारी, हर्ष गौतम,शुभम संधियां, अमन तिवारी सहित काफी संख्या में एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### आरटीआई के संबंध में कांग्रेस नेता टंडन ने दी जानकारी

शहडोल। कांग्रेस भवन शहडोल के सभागार में अपने अल्प प्रवास पर आए मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत टंडन जी द्वारा सर्वप्रथम महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार जसवानी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा उपाध्यक्ष प्रशांत चौरसिया जी का श्री संजीव निगम जिला उपाध्यक्ष आरटीआई सेल द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। प्रेस वार्ता में इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के उपस्थित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पत्रकारों के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष से सूचना का अधिकार कानून के क्रियान्वन के संबंध में आपकी क्या कार्य योजना है ,अभी तक आपके द्वारा इस हेतु क्या प्रयास किए गए तथा भविष्य में आपके द्वारा इसमें क्या किए जाने की आवश्यकता है। प्रदेश अध्यक्ष श्री टंडन द्वारा अपने उद्बोधन में अपने स्वयं के अनुभव के आधार पर एग्जांपल के साथ प्रेस वार्ता को संबोधित किया पत्रकारों के द्वारा तमाम सवालों का उत्तर दिया गया।

# बिना टोंटियों के नलों से व्यर्थ बह रहा पानी, नपा नहीं दे रही ध्यान

## नहीं सुधर रही लीकेज की समस्या, व्यर्थ बह रहा पानी, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**विजयमत,शहडोल।**

शहर में बगैर टोंटियों वाले नल और तेजी से निभाते नजर आ रहे हैं, जिनसे हजारों लीटर पानी लगातार व्यर्थ बह रहा है। आश्चर्य तो इस बात का है कि इस गंभीर विषय पर अभी तक ना तो नगरीय निकाय ने कोई ध्यान दिया है और ना ही जिला प्रशासन इस बारे में गंभीरता दिखा रहा है। कहा जाता है कि पानी है अनमोल, सोच-समझकर ढोल, लेकिन शहर के मोहल्लों में इन दिनों दूसरी ही स्थिति नजर आ रही है जहां सुबह नल आते ही बगैर टोंटी वाले नलों से हजारों लीटर पानी नालियों में बहकर बर्बाद हो रहा है और जिम्मेदार इस सबसे बेखबर होकर जनता को लगातार जलसंकट की और ढकेल रहे हैं। इसी प्रकार नगरपालिका क्षेत्र में पेयजल सप्लाई के पाइप लाइनों में लीकेज की समस्या बढ़ती ही जा रही है। शहर में अनेक स्थानों पर लंबे समय से लीकेज होकर पीने का पानी यूं ही व्यर्थ में बहता रहता है, वहीं अनेक जगहों पर टैंकरों से आपूर्ति करनी पड़ जाती है।



### वर्तमान में यहां समस्याएं

वर्तमान में लीकेज की समस्या एसपी बंगले के सामने मेन रोड में उपजी है। यहां पर कुछ फिट के अंतराल में तीन स्थानों से पानी रिसकर सड़क पर फैल रहा है। जिसके कारण आवागमन में परेशानी होती है। गौरतलब है कि यह पहला स्थान नहीं है जहां लीकेज के कारण पेयजल बर्बाद हो रहा हो। निर्माणाधीन मॉडल रोड, इंदिरा चौक में बाल्व से, पांडवनगर रोड, जय स्तंभ, मेडिकल कॉलेज रोड बलपुरवा, घरौला मोहल्ला के आसपास सहित अन्य जगहों पर आए दिन लीकेज बना रहता है। नगरपालिका द्वारा मरम्मत नहीं कराए जाने के कारण जहां पानी बर्बाद हो जाता है, वहीं सोहागपुर व घरौला के कई वार्डों में पानी की कमी हो जाती है, जहां टैंकर से सप्लाई करनी पड़ जाती है।

### कई बार हुई शिकायत, कर्मचारी ने नही लिया सुध

बलपुरवा मेडिकल कॉलेज रोड में कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई भी कर्मचारी सुधार करने नहीं आया है। व्यर्थ पानी बहने से आसपास के एरिया में पानी जमा हो रहा है और आगे सड़क पर है पानी बहता रहता है। वहीं वार्ड के सुरेंद्र कुमार का कहना है इस तरह पानी का व्यर्थ बहना नगरपालिका के कर्मचारियों की लापरवाही को दर्शाता है।

### नपा द्वारा नहीं उठाया जा रहा कारगर कदम

नगर पालिका को सूचना देने के बावजूद भी पाइप की लिंकेज सुधारने नहीं आया तो नगर पालिका प्रशासन की बहुत बड़ी कमी को उजागर करता है। ऐसा नहीं है कि इस संबंध में नगरपालिका को जानकारी न हो, लेकिन इसके बावजूद उक्त पानी को व्यर्थ बहने से रोकने नगरपालिका द्वारा कोई कारगर कदम नहीं उठाया जा रहा है। जिसके कारण हजारों लीटर पानी रोजाना ही व्यर्थ बह रहा है।

### कई जगह उखड़ गए नल

शहर में कई जगह तो नल ही उखड़ गए हैं। इन नलों में टोटियां नहीं होने से पानी बेकार बह रहा है। नलों में टोटियों की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन नगर पालिका इस ओर गंभीरता नहीं बरत रही है। इस बारे में वार्ड 7 के रहने वाले संजय विश्वकर्मा ने बताया कि सार्वजनिक नलों में टोंटियां नहीं होने से जहां पानी व्यर्थ बहता रहता है। टोंटी लगाने के लिए संबंधित अधिकारी को बोला भी गया है, लेकिन अभी तक इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जो निश्चित तौर पर चिंता का विषय है।

# रफ्तार पकड़ रही ठंड, सर्दी की धमाकेदार शुरुआत, रात में पारा 11 डिग्री से नीचे जा रहा

## ऊनी कपड़ों का बाजार गर्म, लोगों ने निकाले कंबल-रजाई, बढ़ने लगी ठिठुरन

**विजयमत,शहडोल।**

जिले में सर्दी ने पारा डाउन कर दिया है। रात के समय तापमान न्यूनतम 11 डिग्री से नीचे जाने लगा है। शाम के समय ठंडी हवाएं चलने लगी हैं तो वहीं स्वेटर का बाजार भी गर्माने लगा है। लोगों ने अपने घरों के अंदर बाक्स में रखे कंबल और रजाई को निकालना शुरू कर दिया है। सर्दी धीरे धीरे अपने तेवर दिखाना शुरू कर रही है। आने वाले दिनों में सर्दी अपनी रफ्तार पकड़ लेगी। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने के बाद अगले तीन दिन और ज्यादा ठंडक लेकर आने वाले हैं। शाम के समय से ही ठंड अपना असर दिखाना शुरू कर रही है। लोग जो बाइक लेकर शाम को या रात को किसी काम से घर से बाहर निकलते हैं वे मफलर सिर से बांधकर ही निकल रहे हैं। अब हेलमेट लगाकर सफर करना बाइक सवारों को अच्छा लगने लगा है इससे जहां ठंडक से बचे रहेंगे तो वहीं दूसर पुलिस की चालानी कार्रवाई का भी डर नहीं रहेगा।

### मार्गो में सजा गर्म कपड़ों की दुकान

शहडोल शहर के गांधी चौक के पास तिब्बती बाजार, बुढार रोड में हिमाचल प्रदेश, कलेक्ट्रेट से बाईं पास रोड में राजस्थान तथा मुख्य बाजार में अन्य स्थानों से आए हुए लोगों का दुकान सज गया है जहां से लोग अब गर्म कपड़ों की खरीदी करने लगे है। उल्लेखनीय है दिवाली के पहले से ही तिब्बती शहर में आ जाते हैं और दुकानें सजा लेते हैं। इनमें से कई लोग ऐसे हैं जो पिछले 40 साल से गर्म कपड़ों का कारोबार कर रहे हैं।



### रजाई एवं गद्दों की भराई का कार्य प्रारंभ

बाजार में रेडिमेड रजाई एवं गद्दे भी बिकने के लिए तैयार हैं। इनकी कीमतें कम होने के कारण जिनके पास समय की कमी है इसकी खरीदी करते हैं। रेडिमेड रजाई एवं गद्दों में रूई की गुणवत्ता भी काफी कमजोर होती है। इस वजह से 4 सौ रूपए से लेकर 12 सौ रूपए नग तक इनकी बिक्री हो रही है। रूई एवं गद्दा रजाई की व्यवस्था में लगे कुछ ग्राहकों ने चर्चा के दौरान बताया कि ठंड की शुरूआत हो जाने के कारण रजाई एवं गद्दा की व्यवस्था करना सबसे ज्यादा जरूरी है। शहरों में भले ही ठंड कम है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में फसलों की सिंचाई के चलते शाम ढलने के बाद से ही गलन का असर बढ़ने लगता है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो लोग रजाई एवं गद्दा का उपयोग ठंड से बचने के लिए अब प्राथमिकता के साथ कर रहे हैं।

### रजाई एवं गद्दों के व्यवसायी का कहना है

चर्चा के दौरान रजाई एवं गद्दों के व्यवसाय से जुड़े लोगों ने बताया कि उनकी मजदूरी प्रति गद्दा एवं रजाई के अनुसार मिलती है। इस वजह से सभी यह प्रयास करते हैं कि ज्यादा से ज्यादा गद्दा एवं रजाई की भराई का कार्य पूर्ण किया जा सके जिससे ज्यादा से ज्यादा उन्हे मजदूरी भी मिल सके। गद्दा एवं रजाई भराई के कार्य से जुड़े लोगों द्वारा बाहर से रूई मगाई जाती है। रूई की किस्मे भी कई तरह की होती है। अधिकांश लोग सामान्य रूई की खरीदी करते हैं। सामान्य रूई की कीमत 100 रूपए किलो से लेकर 150 रूपए तक है। उच्च गुणवत्ता वाली रूई की कीमत 200 रूपए किलो से ज्यादा बनी हुई है।

### कुछ वर्षों से मिलावटी रूई भी बाजार में

कुछ वर्षों से मिलावटी रूई भी बाजार में बिकने के लिए आ रही है, इसकी कीमत सबसे कम होने के कारण इसकी मांग भी ज्यादा रहती है। उक्त रूई को कपड़ा मिलो के कचरे के रूप में माना जाता है। जिसका उपयोग भी रजाई एवं गद्दा की भराई में किया जाता है।

### नीलगिरी लकड़ी काअवैध परिवहन करते पाए जाने पर वन विभाग ने की कार्यवाही

शहडोल। वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल अजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन एवं वनमण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल सुश्री श्रद्धा पन्द्रे के कुशल मार्गदर्शन मे शनिवार को समय रात्रि 10:45पी0एम0 बजे वनमण्डल दक्षिण शहडोल अंतर्गत गठित गश्ती दल एवं वन परिक्षेत्र केशवाही के स्टाफ द्वारा रात्रि गश्ती के समय ग्राम खाम्हीडोल से केशवाही मार्ग पर ग्राम बचरवार में एक वाहन डग्गी क्रमांक/MP18G3732 को रोककर पूछताछ की गई जिसमें निरीक्षण करने पर पाया गया कि वाहन में नीलगिरी लकड़ी लोड पायी गई वाहन चालक से पूछताछ करने पर नीलगिरी की लकड़ी के परिवहन से संबंधित किसी भी प्रकार के कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही किये गये। वाहन को जप्त कर बीटगार्ड बहेराडोल के सुपुर्द में किया गया एवं वाहन को वन परिक्षेत्र कार्यालय केशवाही प्रांगण में खड़ा कराया गया। वाहन की जप्ती कार्यवाही में अंकुरी तिवारी वनक्षेत्रपाल परिक्षेत्राधिकारी केशवाही, बृजभान सिंह टेकाम उ.व.क्षे. परिक्षेत्र सहायक भुमकार, श्रीप्रकाश शुक्ला उ0व0क्षे0 प0स0 बडखेरा तुलसी प्रसाद मिश्रा वनरक्षक बीटगार्ड केशवाही, रणजीत सिंह वनरक्षक बीटगार्ड बहरोडोल,सैफुल्ला खालिद अंसारी वनरक्षक वि.क, सुरेश बैगा वनरक्षक बीटगार्ड जमुई, रवि नारायण शुक्ला वनरक्षक वि0क0, श्री इजहार खान वाहन चाहक एवं अन्य की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

# मेडिकल कॉलेज में प्रवेश दिलाने के नाम पर 10 लाख रुपए की ठगी

**विजयमत,शहडोल।**

कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र तिवारी ने बताया कि आरोपी अजय पांडे पर धोखाधड़ी और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।



छत्तीसगढ़ के रहने वाले एक व्यक्ति को शहडोल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक व्यक्ति की बेटी का मेडिकल कॉलेज में एडमिशन करवाने के नाम पर 10 लाख रुपए की ठग लिए थे, इसके बाद भी वह और पैसों की मांग कर रहा था। बकाया पैसा लेने के लिए आरोपी शहडोल पहुंचा तो उसे कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि बाणगंगा कॉलोनी में रहने वाले गंगासागर सिंह की बेटे 2024 में नीट की परीक्षा पास की थी। मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के लिए भिलाई के एजेंट अजय पांडेय से 10 लाख में सौदा तय हुआ था। गंगासागर ने एडमिशन के लिए एजेंट को 10 लाख रुपए दे दिए थे, लेकिन मेडिकल कॉलेज में एडमिशन नहीं हो सका। इसके बाद छात्रा का एडमिशन जोधपुर में हो गया। पीड़ित ने जब एजेंट से अपने पैसे वापस करने की बात कही तो उसने जोधपुर में एडमिशन कराने के नाम पर पैसे खर्च होने की बात कही। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया।

एजेंट 8 लाख रुपए अतिरिक्त की मांग कर रहा था। पैसे नहीं देने पर उसने पीड़ित के सोशल मीडिया अकाउंट से धमकी भरा मैसेज भी भेज दिया। इसके बाद पीड़ित ने एजेंट को बकाया पैसे देने के लिए भिलाई से शहडोल बुलाया और उससे पहले ही कोतवाली पुलिस को मामले की जानकारी दे दी। कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है।

कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र तिवारी ने बताया कि आरोपी अजय पांडे पर धोखाधड़ी और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। आरोपी अपना बकाया हुआ पैसा लेने शहडोल आया था। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई एवं झलकारी बाई जयंती पर निकाली गई शौर्ययात्रा



**विजयमत,शहडोल।**

स्थानीय सरस्वती उमा विद्यालय पाण्डव नगर में विद्याभारती की योजनानुसार वीरांगना लक्ष्मीबाई / झलकारी बाई जयंती पर झांकी ,सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शौर्ययात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मंचस्थ अतिथियों द्वारा वाग्देवी माँ सरस्वती, ओम एवं भारत माता के चित्रों पर तिलक वंदन, माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। संस्था के प्राचार्य जितेन्द्र मिश्रा जी द्वारा अतिथियों का आत्मीय परिचय कराया गया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक कमल जी विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों कमशः, श्रीमती भारती गुप्ता (अध्यक्ष), संतोष लोहानी (व्यवस्थापक), विष्णु कांत मिश्रा (सह व्यवस्थापक), श्रीमती वंदना सिंह (कोषाध्यक्ष), का मा0 प्राचार्य जी द्वारा तिलक वंदन, शाल, श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर भावपूर्ण अभिनंदन किया गया । कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय के भैया बहिनों द्वारा वीरांगना लक्ष्मीबाई एवं झलकारी बाई की वेशभूषा में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, कविता पाठ एवं नाटक का आयोजन किया गया।

उसके पश्चात मंचस्थ अतिथियों द्वारा कमशः वीरांगना लक्ष्मीबाई एवं झलकारी बाई के संबंध में सारगर्भित पाथेय प्रदान किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में विभाग प्रचारक कमल जी द्वारा वीरांगना झलकारी बाई के जीवन चरित्र के बारे में प्रकाश डालते हुये उनके जन्म से लेकर उनके बाल्यावस्था के शौर्य पराक्रम की चर्चा करते हुए बताया कि किस प्रकार झलकारी बाई जंगल में लकड़ी संग्रह करते समय शेर के हमले से अपने सहेलियों की रक्षा करते हुए शेर से भिड़ गई और अंत में कुल्हाड़ी से उसका वध कर दिया।

इस प्रकार अनेक घटनाओं पर मा0 विभाग प्रचारक जी द्वारा प्रकाश डालते हुए उनके सम्पूर्ण जीवन का सारगर्भित उल्लेख किया गया और सभी भैया / बहिनों को संबोधित करते हुए उनके जैसे पराक्रमी, शौर्यवान बनने की प्रेरण प्रदान की। अंत में आभार प्रदर्शन विद्यालय के व्यवस्थापक इंजी संतोष लोहानी ने किया। उसके पश्चात वीरांगना लक्ष्मीबाई/झलकारी बाई की झांकी के साथ शोर्ययात्रा निकाली गई जिसमें विद्यालय के भैया/बहिनों के साथ अतिथियों, प्रबंध समिति के अधिकारियों एवं आचार्य परिवार ने भी शौर्ययात्रा में साथ चलते हुये सबका खूब उत्साहवर्धन किया ।

**संगीत कलाकार** डीडी भारती से नेशनल स्तर पर होगा इनके गायन का प्रसारण, माता-पिता पति बच्चे सभी का संगीत से विशेष नाता

# बघेली लोकगीत गायिका शीला त्रिपाठी लोकगीतों की बना चुकी सेंचुरी



**विजयमत,शहडोल।**

लोकोत्सव के कार्यक्रम में भोपाल से शहडोल पहुंची लोकप्रिय बघेली लोकगीत गायिका श्रीमती शीला त्रिपाठी आकाशवाणी भोपाल में ए ग्रेड की ऐसी कलाकार हैं जो बघेली लोकगीतों की सेंचुरी बना चुकी है साथ ही डीडी भारती से उनके गीतों का नेशनल प्रसारण पहली बार शीघ्र होने वाला है। इसके लिए 19 नवंबर को उनके गीतों का रिकॉर्ड डीडी भारती के लिए हो चुका है। जनजाति संग्रहालय भोपाल में उनके 100 बघेली लोकगीतों की रिकॉर्डिंग भी हो चुकी है।

**शहडोल से है नाता**-बघेली लोक गायिका श्रीमती शीला त्रिपाठी का विराट नगरी शहडोल से विशेष नाता है। शहडोल के लोकप्रिय तबला वादक संगीत शिक्षक मुनींद्र मिश्रा की वे पुत्री हैं एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता अमित मिश्रा की बहन है। शहडोल में ही उनका जन्म हुआ है और शहडोल में ही उनकी शिक्षा दीक्षा हुई है।

**माता-पिता से मिली विरासत**-पत्रकारों से बातचीत करते हुए लोग गायिका श्रीमती शीला त्रिपाठी ने बताया कि संगीत की शिक्षा उन्हें माता-पिता से मिली है उनके माता-पिता दोनों संगीत से जुड़े हुए हैं। उनके पति अनुराग त्रिपाठी भी संगीत प्रेमी है। उनकी पुत्री एवं पुत्र भी गायन कला से ताल्लुक रखते हैं। इस तरह से उनका पूरा परिवार संगीत जगत से जुड़ा हुआ है।

**अपने शहर में पहली बार बड़े मंच पर अवसर मिला** -शीला त्रिपाठी ने बताया कि अपने शहर शहडोल में पहली बार संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित लोकोत्सव कार्यक्रम में लोकगीत गाने का अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि उनकी माता जी स्वर्गीय श्रीमती आशा मिश्रा भी लोकगीत गाती थी और उन्होंने गायन कला उन्हें सिखाया है। वर्ष 1998 से 2002 तक शहडोल आकाशवाणी में वह अपनी प्रस्तुति देती थी और फिर वर्ष 2009 से भोपाल आकाशवाणी में गाने लगी। संस्कृत विभाग के सभी मंचों से एवं भारत भवन से भी कई बार लोकगीतों की प्रस्तुति वें दे चुकी हैं।

# भाजपा प्रतिनिधि मण्डल ने नवागत कमिश्नर को दिये सुझाव

शहडोल। भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ मध्य प्रदेश के प्रदेश सहसंयोजक चंद्रेश द्विवेदी एडवोकेट के साथ भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक पदम खेमका, एवं राजकुमार खरया के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने शहडोल संभाग की नवागत कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता से सौजन्य भेंट की भेंट के दौरान चंद्रेश द्विवेदी ने सुझाव दिया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा आगामी जनवरी माह में शहडोल में प्रस्तावित इंडस्ट्रीज कांक्लेव आयोजन के पूर्व संभाग के उद्योगपतियों की बैठक आयोजित कर संभाग में संभावित उद्योगों की स्थापना के संदर्भ में चर्चा की जाए । जिससे कौन-कौन से उद्योग शहडोल उमरिया अनूपपुर जिले में लगाए जा सकते हैं इन विषयों पर विस्तृत चर्चा कर विषय वस्तु का संकलन किया जा सके। शहडोल जिले में भूमि क्रय विक्रय पर लगी रोक के संदर्भ में कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक मध्य प्रदेश द्वारा पत्र क्रमांक 2112 तकनीकी 2023 भोपाल दिनांक 9 6 2023 के माध्यम से प्रदेश के समस्त कलेक्टर के नाम जारी कर पंजीयन पर लगाए गए प्रशासकीय प्रतिबंधों को तत्काल निरस्त किए जाने के आदेश का हवाला देते हुए शहडोल जिले में कृषि भूमि के विक्रय पर लगी रोक हटाए जाने के संदर्भ में भी सुझाव दिया गया।

## न्यूज इन शॉर्ट



### जिले के 1 लाख 49 हजार परिवारों को मिल रहा खाद्यान्न, राशन से गरीब परिवारों को राहत

अनूपपुर। जिले के पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना तथा मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी बीएस परिहार ने बताया है कि खाद्य विभाग द्वारा नवम्बर 2023 से पीएमजीकेएवाई (प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना) अंतर्गत कुल 01 लाख 35 हजार 619 पात्र परिवारों के 5 लाख 42 हजार 450 सदस्यों को पीएचएच श्रेणी (प्राथमिकता परिवार), एएवाई श्रेणी में कुल 14 हजार 60 पात्र परिवारों के 45 हजार 686 सदस्यों तथा बाल कल्याण योजना अंतर्गत कुल 09 पात्र परिवारों के 15 सदस्यों को प्रतिमाह निःशुल्क खाद्यान्न (पीएचएच परिवारों को प्रति सदस्य 05 किलोग्राम खाद्यान्न व एएवाई परिवारों को 35 किलोग्राम खाद्यान्न) का वितरण किया जा रहा है। साथ ही मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना अंतर्गत पीएचएच, एएवाई व बीके श्रेणी के पात्र परिवारों को सशुल्क प्रतिमाह 1 किलोग्राम फोर्टीफाइड नमक (1 रुपए प्रति किलो) तथा एएवाई श्रेणी के पात्र परिवारों को 1 किलोग्राम शक्कर (20 रुपए प्रति किलोग्राम) का वितरण किया जा रहा है।

### किशोरी के साथ छेड़छाड़ व बलवा करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



अनूपपुर। बिजुरी पुलिस ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ किए जाने और बलवा करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी विकास सिंह ने बताया कि 12 अक्टूबर को नाबालिक पीड़िता के साथ जो अनुसूचित जाति से है के साथ यह जानते हुए भी कि वह नाबालिक व अनुसूचित जाति से है छेड़छाड़ की घटना को आरोपी द्वारा अंजाम दिया गया। घटना की शिकायत पर थाना अजाक में अपराध क्रमांक 04/24 की धारा 74, 296, 351(3)बीएनएस 7,8 पाक्सो एक्ट, 3(1)डब्ल्यू(11), 3(1)द,ध, एससीएसटी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जिसके अनुसंधान में प्रकरण में धारा 190, 191(2), 324(4) बीएनएस का ईजाफा किया गया है। प्रकरण में घटना के तथ्यों पर अनुसंधान में घटना में संलिप्त है आरोपियों की पता तलाश की गई। जिनमें प्रकरण के आरोपी माखन तिवारी पिता हरिप्रसाद तिवारी उम्र 35 वर्ष निवासी भगता थाना बिजुरी, 28 वर्षीय गंगाराम साहू पिता नारायण प्रसाद साहू निवासी भगता थाना बिजुरी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी विकास सिंह, उपनिरी यूएन मिश्रा, सउनि कमलेश तिवारी, प्रदीप अग्निहोत्री, रविकरण पयासी, आरक्षक लक्ष्मण डांगी, प्रभाकर त्रिपाठी, नरेन्द्र जाट, रामनिवास गुर्जर, संगम तोमर शामिल रहीं।

### 5 साल से फरार स्थायी वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, न्यायालय में पेश



अनूपपुर। चचाई थानांतर्गत देवहरा चौकी पुलिस ने पांच साल से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी रंगनाथ मिश्रा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोतीउर्र रहमान के निर्देशन में शुक्रवार को कस्बा गस्त के दौरान 5 साल से फरार चल रहे स्थायी वारंटी 28 वर्षीय विक्रम सिंह पिता उमेश सिंह निवासी बेम्होरी थाना धनपुरी जिला शहडोल को गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायालय अनूपपुर में पेश किया गया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी रंगनाथ मिश्रा, सउनि धर्मेंद्र महोबिया व प्र.आर. जयबहादुर सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### नीलांबर प्रसाद पांडे को पत्नी शोक



सीधी। बम्हनी निवासी नीलांबर प्रसाद पांडे की पत्नी श्रीमती कैलाश देवी पांडे उम्र 75 वर्ष का निधन लंबी बीमारी के बाद ग्रह ग्राम बम्हनी में दिन गुरुवार को सुबह 11:00 बजे हो गया जिनकी खबर सुनते ही शोक की लहर फैल गई। वह अपने पीछे भारा पूरा परिवार छोड़ गई है। उनके पांच पुत्र रमाकांत पांडे, श्रीकांत पांडे सीआरपीएफटीआई, अधिवक्ता शिवमणि पांडे, शिवपूजन पांडे छोटे, रामराज पांडे राजा, देवरा दिनकर प्रसाद पांडे रिटायर्ड रेंजर, राम रईस पांडे, नाती संदीप पांडे, शुभम पांडे, प्रदीप पांडे ,सुधीर ,सत्यम, शिवांश, समीर ,मयंक पांडे एवं शो का कुल परिवार। मुखाग्नि अंतिम संस्कार दिन शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे पति नीलांबर प्रसाद पांडे ने किया जहां ग्रामीण सहित शहर के अधिवक्ता केके शुक्ला, अधिवक्ता नर्मदा प्रसाद तिवारी, संतोष पांडे, श्याम सुंदर पांडे , शिव शंकर द्विवेदी, महेंद्र सराफ सत्य प्रसाद नामदेव राजेश सिंह अहिरवार, रविंद्र प्रसाद तिवारी एडवोकेट, राजेंद्र प्रसाद पांडे शिक्षक , रजनीश सहित गणमन नागरिक शुभचिंतक गण ग्रह ग्राम पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया एवं परिवार को संबल प्रदान हो इस ईश्वर से कामना किए।

---

500-900 दिनों के बीच लंबित पड़ी हैं शिकायतें, निर्देशों के बाद भी सचिवों ने नहीं किया था निराकरण

# सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का नहीं किया निराकरण, 3 ग्राम पंचायतों के सचिव हुए निलंबित

**विजय मत, अनूपपुर।**



जिले में जन-समस्याओं को लेकर आने वाली शिकायतों के निराकरण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा बार बार विभागीय अधिकारियों से अपील की जाती है, यहां तक कि साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान व टीएल बैठक में भी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के सख्त दिशा निर्देश दिए जाते हैं। बावजूद शुक्रवार को तीन ग्राम पंचायतों के सचिवों की मनमानी उन्हीं पर भारी पड़ आई, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल में दर्ज शिकायतों के निराकरण नहीं करने पर जिपं सीइओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने तीन ग्राम पंचायतों मलगा, मुडधोबा, और खांडा के सचिव को निलंबित कर दिया है। इन तीनों ग्राम पंचायत सचिवों के उपर 500-937 दिनों के बीच लंबित पड़ी शिकायतों के निपटारा नहीं किए जाने का आरोप है। जिपं सीइओ के अनुसार जपं अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मलगा में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल में शिकायतकर्ता माधव कुमार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत जो कि 937 दिवस से लंबित है के निराकरण के लिए 19 नवम्बर को ग्राम पंचायत मलगा की सचिव लक्ष्मी सिंह कंवर एवं शिकायतकर्ता के समक्ष में सुनवाई की गई। सुनवाई उपरांत सचिव कंवर को शिकायत का 20 नवम्बर तक निराकरण कर शिकायत बंद कराने निर्देशित किया गया। लेकिन कंवर द्वारा उक्त शिकायत का निराकरण न कराने के कारण शिकायत बंद नहीं हुई। इसी प्रकार जपं अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत छिल्पा में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल में शिकायतकर्ता मनलाल साहू द्वारा दो शिकायतें दर्ज कराई गई जो 553 एवं 813 दिवस से लंबित है। शिकायत के निराकरण के लिए 19 नवम्बर को ग्राम पंचायत छिल्पा के तत्कालीन सचिव तथा ग्राम पंचायत मुड़धोवा के वर्तमान सचिव कौशल केवट एवं शिकायतकर्ता के समक्ष में सुनवाई की गई। सुनवाई उपरांत सचिव श्री केवट को शिकायत का 20 नवंबर तक निराकरण कर शिकायत बंद करने निर्देशित किया गया। लेकिन सचिव द्वारा उक्त शिकायत का निराकरण न करने के कारण शिकायत बंद नहीं हुई। जपं जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत खांड़ा में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल में शिकायतकर्ता प्रभा द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत जो 735 दिवस से लंबित है के निराकरण 19 नवम्बर को ग्राम पंचायत खांड़ा के तत्कालीन सचिव एवं ग्राम पंचायत औढेरा के वर्तमान सचिव वृंदावन कोल एवं शिकायतकर्ता के समक्ष में सुनवाई की गई। सुनवाई उपरांत सचिव वृंदावन कोल को शिकायत का 20 नवंबर तक निराकरण कर शिकायत बंद करने निर्देशित किया गया। लेकिन सचिव द्वारा उक्त शिकायत का निराकरण न कराने के कारण शिकायत बंद नहीं हुई। इन सभी सचिवों का यह कृत्य शासकीय कार्य में उदासीनता, स्वेच्छाचारिता एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों की अव्हेलना करने के साथ ही मप्र पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 का उल्लंघन की श्रेणी में आता है। जिसे देखते हुए जिपं सीइओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने मप्र पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999, भाग 2, नियम-4 के तहत सचिव लक्ष्मी सिंह कंवर, कौशल केवट तथा वृंदावन कोल को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में सभी सचिवों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। निलंबन अवधि में ग्राम पंचायत मलगा की सचिव लक्ष्मी सिंह कंवर एवं ग्राम पंचायत छिल्पा के तत्कालीन सचिव एवं ग्राम पंचायत मुड़धोवा के वर्तमान सचिव कौशल केवट का मुख्यालय जपं अनूपपुर तथा ग्राम पंचायत खांड़ा के तत्कालीन सचिव एवं ग्राम पंचायत औढेरा के वर्तमान सचिव वृंदावन कोल का मुख्यालय जनपद पंचायत जैतहरी निर्धारित किया गया है।

# चोरी का फरार तीसरा आरोपी रीवा से हुआ गिरफ्तार, घर के सामने खड़ी कार की थी चोरी

आरोपी पर रीवा में बाइक चोरी के तीन अपराध दर्ज, हाल ही जेल से छूटकर आया था बाहर

**विजय मत, अनूपपुर।**



कोतमा थाना क्षेत्र के इस्लामगंज में घर के सामने खड़ी कार की चोरी के मामले में पुलिस ने तीसरे फरार आरोपी को रीवा से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। गिरफ्तार आरोपी पर रीवा के थाना बिछिया में बाइक चोरी के तीन प्रकरण भी दर्ज है। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह मरावी ने बताया कि 13 फरवरी को फरियादी मोहम्मद इदरीश कुरैशी पिता हबीब कुरैशी निवासी वार्ड नंबर 8 इस्लामगंज कोतमा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12 फरवरी की रात्रि में अपने घर के सामने अपनी कार नंबर सीजी10 एएम 0532 को खड़ी कर लॉक कर दिया था, सुबह देखा तो कार नहीं थी, अज्ञात व्यक्ति द्वारा कार जिसकी अनुमानित कीमत 3 लाख 50 हजार रुपए आंकी गई चोरी कर ले जाने की बात उल्लेख कराया। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया, जहां जांच दौरान संदेही मोहम्मद शाहरुख खान पिता रमजान खान 20 वर्ष निवासी इस्लामगंज, मोहम्मद जाकिर पिता आशिक सौदागर उम्र 28 साल निवासी इस्लामगंज एवं मोहम्मद सिद्दीकी पिता मोहम्मद समीर मुसलमान उम्र 19 वर्ष निवासी दियापीपर थाना गोपहारु जिला शहडोल को दस्तयाब कर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया। मामले में चोरी गई कार तीनों आरोपियों से जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय दिनांक 15 फरवरी को न्यायालय कोतमा भेजा गया था। मामले के एक आरोपी अट्टू उर्फ आरिफ खान पिता तऔकइक खान 19 साल निवासी अजंता टाइल्स के पास बिछिया जिला रीवा घटना दिनांक से फरार था, जिसकी लगातार पता तलाश कर 20 नवम्बर को रीवा से दस्तयाब किया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर जुर्म कबूल करने पर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना बिछिया जिला रीवा में बाइक चोरी के 3 अपराध पंजीबद्ध हैं, जिसमें 15 दिन पूर्व ही रीवा जेल से छूकर बाहर आया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह, सहायक उप निरीक्षक विनय सिंह, आरक्षक शुभम तिवारी, अभय त्रिपाठी की विशेष भूमिका रही है।




### जगत विहीन कुआं में गिरने से जंगली शुकर की मौत, वन अमले ने किया दाह संस्कार

**विजय मत, अनूपपुर।**

वन परिक्षेत्र जैतहरी के क्योटार बीट अंतर्गत क्योटार गांव में किसान के खेत में बने जगत विहीन कुंआ में रात के समय विचरण के दौरान जंगली शुकर के गिरने से मौत हो गई। कुंए के पास खेत में लगे धान को काटने गए किसानों ने शुक्रवार की सुबह मृतावस्था में शुकर को कुंए के अंदर देखा, जिसकी सूचना वनविभाग को दी। वनपरिक्षेत्र सहायक आरएस सिकरवार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह क्योटार गांव निवासी भीमसेन पिता मिलन राठौर ने फोन पर जानकारी दी, जिसकी सूचना पर बीट गार्ड क्योटार लक्ष्मी बैगा सहित स्वयं स्थल पर जाकर देखा तो धान के खेतों के बीच स्थित जगत विहीन कुंआ में एक जंगली शुकर मृत स्थिति में पानी में उतरा रहा है। ग्रामीणों की मदद से शुकर के शव को बाहर निकालते हुए पंचनामा तैयार कर वन डिपो जैतहरी में पशु चिकित्सक सचिन समैया द्वारा पीएम उपरांत प्रभारी वनपरिक्षेत्र अधिकारी जैतहरी शिवम कोष्ठी, प्रभारी तहसीलदार जैतहरी संजय जाट, वन्यजीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल, परिक्षेत्र सहायक जैतहरी आरएस सिकरवार, नगर परिषद जैतहरी पार्षद राजकिशोर राठौर, वनरक्षक लक्ष्मी बैगा एवं सत्येंद्र मिश्रा की उपस्थिति में मृत नर जंगली शुकर का अंतिम संस्कार किया गया।

### जिले में यूरिया, डी.ए.पी. एवं अन्य खाद विक्रय में कृषको के सुगमता हेतु दिशा निर्देश

उमरिया। उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी ने कहा है कि जिले के किसान अपने विकासखण्ड स्थित निजी उर्वरक विक्रेताओ से निर्धारित दर पर उर्वरक की खरीदी करें तथा खरीदी पश्चात उर्वरक खरीदी का बिल अवश्य प्राप्त करें, तथा यदि कोई भी उर्वरक विक्रेता निर्धारित दर से अधिक दर पर विक्रय करता है तथा स्टॉक होते हुए भी उर्वरक देने के लिए मना करता है तो इसकी सूचना अपने विकासखण्ड के वरिष्ठ .षि विकास अधिकारी को देवे। विकासखण्ड करकेली में रामेश्वर सोलिया वरिष्ठ .षि विकास अधिकारी मोबाईल नं0 8989135470, विकासखण्ड मानपुर में एम0के0 दुबे वरिष्ठ .षि विकास अधिकारी मोबाईल नं0 9893247403 एवं विकासखण्ड पाली में सूरज सिंह आर्मी वरिष्ठ .षि विकास अधिकारी मोबाईल नं0 9754083270 पर सम्पर्क करें।

# मारपीट कर चोट पहुंचाने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**विजय मत, अनूपपुर।**



बिजुरी थाना क्षेत्र में मारपीट के एक प्रकरण में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि 12 जुलाई को दशहरा मैदान भवनिहा बिजुरी के पास पीड़ित सुमित साहू के साथ पुरानी रंजिश पर मारपीट की गई थी। जिसपर थाना बिजुरी में अपराध क्रमांक 248/24 की धारा 296, 115(2), 351(3) ,3(5)बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण के अनुसंधान दौरान पीड़ित सुमित साहू मेडिकल कॉलेज शहडोल में ईलाज के लिए भर्ती था, जिसमें उक्त का मेडिकल रिपोर्ट मेडिकल कालेज से प्राप्त किया गया व उसकी चोटों की गंभीरता व प्रकृति पर विशेषज्ञ चिकित्सक की राय ली गई। जिससे प्रकरण मे गैर जमानतीय अपराध धारा 117(3) बीएनएस का ईजाफा हुआ। प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध गैरजमानतीय धाराओं का अपराध प्रमाणित पाए जाने पर आरोपियों की पता तलाश की गई और 21 नवम्बर की रात आरोपी रोहित महरा पिता हेतराम महरा उम्र 37 वर्ष, 41 वर्षीय गणेश महरा पिता हेतराम महरा दोनों निवासी समनाटोला बिजुरी को गिरफ्तार किया गया। जिसे शुक्रवार को न्यायालय न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी बिजुरी विकास सिंह, उपनिरी यूएन मिश्रा, सउनि कमलेश तिवारी, प्रदीप अग्निहोत्री, रविकरण पयासी, आरक्षक लक्ष्मण डांगी, प्रभाकर त्रिपाठी, नरेन्द्र जाट, संगम तोमर शामिल रहें।

---

**कार्यवाही**

रामनगर में एक आरोपी गिरफ्तार, मुख्य फरार, वहीं भालूमाड़ा से दो आरोपी गिरफ्तार

# रामनगर पुलिस ने फुल्कोना में 150.840 लीटर तो भालूमाड़ा ने 54 लीटर अवैध शराब की जब्त

**विजय मत, अनूपपुर।**







जिले में शराब की अवैध गतिविधियों पर पुलिस कप्तान की तिरछी नजरों से थाना प्रभारियों ने लगातार कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को दो थाना क्षेत्रों में लगभग 200 लीटर से अधिक अंग्रेजी शराब को जब्त और तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। रामनगर थाना क्षेत्र में हुई कार्रवाई में पुलिस ने 150.840 लीटर अवैध शराब जब्त करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसमें मुख्य आरोपी फरार बताया जा रहा है, जबकि भालूमाड़ा पुलिस ने 54.900 लीटर अवैध शराब जब्त करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रामनगर थाना प्रभारी अमर वर्मा ने बताया कि 21 नवम्बर को मुखबिर की सूचना मिली कि धनीराम विश्वकर्मा निवासी फुलकोना का अपने घर में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब अधिक मात्रा मे परिवहन एवं बिक्री के लिए रखा है। सूचना पर बल ने मौके पर दबिश दी तो धनीराम विश्वकर्मा मौके से फरार पाया गया। उसका भाई बलदेव विश्वकर्मा घर में रखी शराब की सुरक्षा में बैठा था। धनीराम के बारे में पूछा गया तो बताया कि भाई घर के अंदर 20 नवम्बर की रात में अंग्रेजी शराब काफी मात्रा मे लाकर रखा है। जिसमें ताला लगा दिया है। मुझे शराब की रखवाली करने के लिए बोला है तथा यह भी बोला है कि जब शराब बिकेगी तो तुम्हें भी हिस्सा मिलेगा। ताला लगाकर चाबी अपने पास ले गया है। पुलिस ने मौके पर पंचनामा बनाकर दरवाजा खुलवाकर तलाशी ली तो अंदर वाले कमरे मे 14 नग खाकी रंग के कार्टून तथा तीन प्लास्टिक की बोरियों में अंग्रेजी विस्की, शराब कुल 838 पाव जिसकी मात्रा 150.840 लीटर और कीमत करीब 1 लाख 13 हजार 130 रूपए आंके गए। बलदेव द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर उक्त अवैध अंग्रेजी शराब आरोपी बलदेव विश्वकर्मा पिता स्व. हीरालाल विश्वकर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम फुलकोना थाना रामनगर के कब्जे से जब्त कर बलदेव को गिरफ्तार कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। साथ ही फरार आरोपी धनीराम विश्वकर्मा की तलाश की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी अमर वर्मा, उपनिरी श्याम लाल मरावी, सउनि उमेश तिवारी, प्रआर. सनत द्विवेदी, निरंजन खलखो, अमित पटेल, विनोद मिंज, योगेन्द्र मिश्रा, आर. विनोद मरावी, पूजा राजपूत, अनिल मरावी शामिल रहे।

वहीं भालूमाड़ा पुलिस ने जमुना कॉलरी में दबिश देते हुए 54.990 लीटर अवैध शराब जब्त की। थाना प्रभारी राकेश कुमार उइके ने बताया कि कार्रवाई में अलग अलग ब्रांड की शराब जिसकी अनुमानित कीमत 76 हजार रुपए आंकी गई है। मामले में दो आरोपी 29 वर्षीय रवि गोड पिता अवधेश गोड वार्ड क्रमांक 4 जमुना कॉलरी और 32 वर्षीय नृपेन्द्र मिश्रा पिता राघवेन्द्र मिश्रा वार्ड नम्बर 4 जमुना कॉलरी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

टेनिस



मलागा में डेविस कप टेनिस क्वार्टर फाइनल में खेलते हुए ऑस्ट्रेलिया के थानस कोकिनाकिस।

## ईडन गार्डन्स में झूलन के नाम पर बनेगा स्टैंड

**कोलकाता।** बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने कहा है कि अब ईडन गार्डन्स में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के नाम पर एक स्टैंड बनेगा। कैब के अनुसार ये स्टैंड 'बी ब्लॉक में बनाया जाएगा। इससे पहले झूलन के सम्मान में 'बी ब्लॉक का नाम बदलने का प्रस्ताव कैब की शीर्ष संस्था के समक्ष रखा गया था जिसे स्वीकार कर लिया गया। अब अगले साल 22 जनवरी को भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले टी20 मैच के दौरान इस स्टैंड का अनावरण होगा। इस महिला क्रिकेटर के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड भी है।

# बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी: पहला दिन रहा गेंदबाजों के नाम

### भारत पहली पारी 150, ऑस्ट्रेलिया 67/7

**पर्थ, एजेंसी**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार से यहां पर्थ में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट शुरु हुआ। इसमें पहले दिन का खेल गेंदबाजों के नाम रहा। जहां भारतीय टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.4 ओवर में ही अपनी पहली पारी में 150 रनों पर सिमट गई। वहीं इसके बाद मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भी दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी पहली पारी में 67 रनों पर ही 7 विकेट खो दिये। स्टंप्स के समय मिचेल स्टार्क 6 , एलेक्स कैरी 19 रनों पर खेल रहे थे।

इस प्रकार पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलियाई टीम अभी भी भारतीय टीम से 83 रन से पीछे है। इस मैच में गेंदबाज इस कदर हावी रहे कि एक ही दिन में 17 विकेट गिर गये जबकि दोनो ही टीमों ने कुल




मिलकर 227 रन बनाये। भारतीय टीम की ओर से कप्तानी करते हुए जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट लिए जबकि मोहम्मद सिराज ने दो और हर्षित राणा ने एक विकेट लिया। वहीं इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। बुमराह ने दोनों ओपनरों उस्मान ख्वाजा (8), नाथन मैकस्वीनी (10), स्टीव स्मिथ (0) और पैट कमिंस (3) का विकेट लिया। एक विकेट हर्षित राणा के नाम रहा जिन्होंने ट्रेविस हेड को 11 रन पर अपना शिकार बनाया। मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट अपने नाम किए जिसमें मिशेल मार्श (6) और मार्नस लाबुशाने (2) शामिल थे

ऋषभ पंत 37 , केएल राहुल 26 और नीतिश कुमार रेड्डी 41 के अलावा भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज असफल रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोश हेजनवुड ने 4 विकेट लिए। भारतीय टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज सशस्वी जायसवाल आज असफल रहे। यशस्वी और देवदत्त पड्डिकल खाता भी नहीं खोल पाये जबकि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी पांच रन ही बना पाये।

मैच में ऋषभ और नीतिश के बीच सातवें विकेट के लिये 48 रन की साझेदारी हुई। पंत ने आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस की गेंद पर एक बड़ा छक्का भी लगाया। स्टार्क और जोश हेजलवुड ने भारतीय शीर्षक्रम को टिकने ही नहीं दिया। स्टार्क ने 11 ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लिये जबकि हेजलवुड ने 13 ओवर में 29 रन देकर चार विकेट लिए। कमिंस ने 15.4 ओवर में 67 रन देकर दो विकेट लिए। ऋषभ और नीतिश ने कुछ अच्छे शॉट्स खेले।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीत सकती है ऑस्ट्रेलिया : पुजारा



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज चैतेश्वर पुजारा का मानना है कि इस बार बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम का पलड़ा भारी है। पुजारा ने कहा कि भारतीय टीम पर न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से सीरीज हारने के कारण दबावा रहेगा जबकि दूसरी और ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पाकिस्तान पर जीत दर्ज की है जिससे उसके हौंसले बढ़े हुए रहेंगे। उन्होंने कहा कि टीम संतुलन को देखते हुए घरेलू हालात में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी नजर आता है। वहीं खिलाड़ियों के चोटिल होने से भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं हालांकि इसके बाद भी भारतीय टीम के पास सीरीज जीतने का अवसर है पर मेरा मानना है कि घेरलू टीम होने के कारण ऑस्ट्रेलिया सीरीज जीतने की बड़ी दावेदार रहेगी। ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में शॉर्ट-पिच गेंदों से निपटने के बारे में पुजारा ने कहा कि बल्लेबाजों को उन गेंदों की पहचान करनी होगी जिन्हें उन्हें छोड़ना चाहिए।

# 14 मार्च से शुरु होगा आईपीएल 2025 सत्र

**मुम्बई, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सत्र की तारीखें घोषित कर दी है। आईपीएल 2025 सत्र की शुरुआत 14 मार्च से होगी और इसका खिताबी मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। वहीं आईपीएल के लिए खिलाड़ियों की मेगा नीलामी इसी माह 24 और और नवंबर को संयुक्त अरब अमीरात के जेद्दा में होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई ने सभी फ्रेंचाइजी को आईपीएल के तीन सत्रों के लिए घोषित तारीखों की जानकारी दी है। इसमें 2026 का सत्र 15 मार्च से 31 मई तक चलेगा। जबकि 2027 का सत्र 14 मार्च से 30 मई तक होगा। घोषणा के अनुसार पिछले सत्र की तरह ही 2025 सत्र में 74 मैच खेले जाएंगे। हालांकि यह संख्या आईपीएल द्वारा 2022 में रखे गये 84 मैचों से 10 कम है।



नए चक्र के लिए टेंडर दस्तावेज में आईपीएल ने हर सत्र में मैचों की अलग-अलग संख्या को बताया है। 2023 और 2024 में 74 मैच जबकि 2025 और 2026 में 84 और इस अनुबंध के अंतिम वर्ष यानी 2027 में 94 मैच खेले जाएंगे। गौरतल है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अपने सभी खिलाड़ियों अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों को 2025 सत्र में खेलने की मंजूरी दे दी है। ऑस्ट्रेलिया के अलावा इंग्लैंड, श्रीलंका बंगलादेश, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के क्रिकेट बोर्ड ने भी अपने खिलाड़ियों को अगले तीन सत्र में आईपीएल खेलने की अनुमति दे दी है।

# अब बीबीएल में सिडनी थंडर की कप्तानी करते दिखेंगे वॉर्नर

**सिडनी, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर अब घरेलू बिग बैश लीग (बीबीएल) 2024-25 लीग में सिडनी थंडर की कप्तानी करते हुए नजर आयेंगे। वॉर्नर को साल 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में गेंद से छेड़छाड़ को लेकर आजीवन कप्तानी के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। उस समय वह टीम के उपकप्तान थे। इसके बाद वार्नर टीम में वापसी करने में सफल हुए पर उनका करियार अधिक नहीं चल पाया।

वॉर्नर ने कुछ समय पहले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया



था। इस क्रिकेटर ने कप्तानी पर लगे प्रतिबंध के खिलाफ अपील की थी। जिसके बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के आचार संहिता आयोग ने उन पर लगे प्रतिबंध को समाप्त कर दिया। समीक्षा पैनल ने कहा, 'वार्नर जवाबों के सम्मानजनक तथा पश्चाताप भरे लहजे ने समीक्षा पैनल को प्रभावित किया और उन्हें अपने आचरण के लिए अत्यधिक पश्चाताप है। इसके बाद उन्हें सिडनी थंडर का कप्तान बनाये जाने की घोषणा की गई। वहीं सिडनी थंडर का कप्तान बनाए जाने पर उत्साहित वॉर्नर ने कहा, 'एक बार फिर सिडनी थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं शुरुआत से ही इस टीम का हिस्सा रहा हूं। अब अपने नाम के आगे 'सी के साथ वापस आना बहुत अच्छा लग रहा है। वार्नर ने इससे पहले 2011 में एक बार थंडर का नेतृत्व किया था।



### स्थिर मुद्रास्फीति जनता और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम हित में है

# ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती हैं: आरबीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए इसके रेपो दरों में कटौती करने की तैयारी में है, लेकिन इसकी कोई संभावना अभी तक दिख रही है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने दोहराया है कि मुद्रास्फीति के खिलाफ केंद्रीय बैंक की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती हैं। दास



ने ग्लोबल साउथ के केंद्रीय बैंकों के सम्मेलन में अपने भाषण में कहा कि मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप लाने की प्रतिबद्धता पर जोर देने के साथ ही हमें सहनशीलता सीमा के भीतर रहना पर्याप्त नहीं है। गवर्नर ने कहा कि मजबूत विकास ने हमें मुद्रास्फीति पर ध्यान केंद्रित करने की जगह दी है ताकि इसे 4 फीसदी के लक्ष्य तक स्थायी रूप से लाया जा सके। स्थिर मुद्रास्फीति जनता और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम हित में है और विकास की आधारशिला के रूप में कार्य करती है। वाणिज्य मंत्री और वित्त मंत्री दोनों ने हाल ही में कम मुद्रास्फीति के लिए जोर दिया है, जबकि आरबीआई ने रेपो दर में बदलाव नहीं किया है। कमी में ब्याज दरों में इसी मिसाल दी गई है जिसे सूचित करने का सुझाव दिया गया है। यह बड़ी रणनीतिक बदलावों के दौर में सूचित करता है जो मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए किए गए हैं।

# सोने-चांदी की कीमतों में उछाल जारी

### सोना एमसीएक्स पर 77000 के पार, चांदी स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सोने-चांदी के वायदा भाव फिर से चढ़े हैं। एमसीएक्स पर सोने कीमत 77,032 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 89,970 रुपए प्रति किलोग्राम है। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,400 रुपए बढ़कर 79,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंची। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इस बढ़ोतरी की जानकारी दी। पिछले सत्र में 77,900 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। भू-राजनीतिक



तनाव ने सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में सोने की मांग में वृद्धि देखी गई है। रूस-यूक्रेन संघर्ष ने परमाणु जोखिमों की चिंताएं उत्पन्न की हैं, जिससे सोने की कीमतों में उछाल आया है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक ने बताया कि यूक्रेन ने रूसी क्षेत्र में ब्रिटेन निर्मित मिसाइलों को तैनात किया है। वहीं एशियाई बाजार में चांदी की कीमत भी 0.29 प्रतिशत बढ़कर 31.53 डॉलर प्रति औंस पहुंच गई है।

## रुपया तीन पैसे चढ़कर 84.47 डॉलर पर पहुंचा



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुक्रवार को शुरुआत में सपाट स्तर के साथ खुला और अपने सर्वकालिक निम्नतम स्तर से तीन पैसे बढ़कर 84.47 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। भू-राजनीतिक दबावों और निरंतर विदेशी पोर्टफोलियो निकासी के कारण सकारात्मक घरेलू शेयर बाजार का समर्थन बेअसर हो गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.48 पर खुला और एक सीमित दायरे में घूमते हुए डॉलर के मुकाबले 84.47 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की बढ़त है। गुरुवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आठ पैसे की गिरावट के साथ 84.50 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 107.03 पर आ गया।

### बाजार में निवेशकों की वेल्थ 7.25 लाख करोड़ बढ़ी

# सेंसेक्स 1961 अंक चढ़कर 79117 पर बंद, अडाणी ग्रुप के 10 में से 6 शेयर्स चढ़े

**मुंबई, एजेंसी**

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी 22 नवंबर को सेंसेक्स 1961 अंक (2.54 प्रतिशत) की तेजी के साथ 79,117 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 557 अंक (2.39 प्रतिशत) की तेजी रही, ये 23,907 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में तेजी और 1 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 49 में तेजी और 1 में गिरावट रही। निफ्टी मीडिया छोड़कर हस्थ के सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ बंद हुए। आईटी और रियल्टी इंडेक्स सबसे ज्यादा चढ़ा। शेयर बाजार में खरीदारी से निवेशकों की वेल्थ 7.25 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। शुक्रवार, 22 नवंबर को BSE पर लिस्टेड कंपनियों का ओवरऑल मार्केट कैप



432 लाख करोड़ रुपए हो गया। 21 नवंबर को यह लगभग 425 लाख करोड़ रुपए था। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.68 प्रतिशत और कोरिया के कोस्पी में 0.83 प्रतिशत की तेजी रही। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 3.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।

21 नवंबर को अमेरिका का डाओ जोंस 1.06 प्रतिशत चढ़कर 43,870 पर और S&P 500 0.53 प्रतिशत बढ़कर 5,948 पर बंद हुआ। नैस्डैक भी 0.033 प्रतिशत चढ़कर 18,972 पर बंद हुआ। NSE के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने 21 नवंबर को 5,320.68 करोड़ के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने ?4,200.16 करोड़ के शेयर खरीदे। NTPC ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के IPO के लिए बोली लगाने का आज आखिरी दिन है। दो कारोबारी दिन में यह इश्यू टोटल 0.99 गुना सब्सक्राइब हुआ है। रिटेल कैटेगरी में यह IPO 2.53 गुना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स कैटगरी में 0.79 गुना और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स कैटगरी में 0.36 गुना सब्सक्राइब हो चुका है। 27 नवंबर को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे।

इससे पहले कल यानी 21 नवंबर को सेंसेक्स 422 अंक की गिरावट के साथ 77,155 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी 168 अंक की गिरावट रही, ये 23,349 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में गिरावट और 10 में तेजी थी। न्यूयॉर्क में धोखाधड़ी-रिश्वत देने के आरोप लगाने के बाद अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 23.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ निफ्टी का टॉप लूजर था।

# ओला इलेक्ट्रिक 500 से अधिक कर्मचारियों की कर सकती है छंटनी




**नई दिल्ली, एजेंसी**

ओला इलेक्ट्रिक ने एक रिपोर्ट में खुलासा किया है कि कंपनी की 500 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की संभावना है। इसका मुख्य कारण मार्जिन को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है। ओला इलेक्ट्रिक ने अपने आईपीओ के लिए दस्तावेज दायर किए थे, जिसमें यह बताया गया था कि कंपनी मार्च 2024 तक 4,011 कर्मचारियों के साथ काम कर रही है। इसके बावजूद ओला इलेक्ट्रिक अभी तक कोई लाभ नहीं कमा पाई है। विशेषज्ञों का मानना है कि उच्च लागत और ईवी सब्सिडी में कटौती के कारण कंपनी लाभ नहीं कमा पा रही है। हालांकि, ओला ने भविष्य की योजनाओं को लेकर विश्वास जताया है कि वह इन-हाउस बैटरी प्रौद्योगिकी का उपयोग करके लागत कम करेगी और मुनाफा बढ़ाएगी। पिछले कुछ महीनों में शेयर बाजार में मजबूत शुरुआत के बाद ओला इलेक्ट्रिक में कुछ सुधार नहीं हो रहा है। इलेक्ट्रिक दोपहिया बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के चलते कंपनी की धाक कम हो रही है। राज्यों ओला इलेक्ट्रिक की सर्विसेज और प्रोडक्ट क्वालिटी की जांच भी की गई है। कंपनी के प्रतिद्वंदी भी इसके चारों ओर घूमकर कंपनियों से किनारा कर रहे हैं। गुरुवार को ओला इलेक्ट्रिक के शेयर 3 फीसदी गिरकर 67.23 रुपये के निचले स्तर पर पहुंच गए। यह कंपनी के सबसे कम बंद भाव को दर्शाता है, जिसके कारण वित्तीय विश्लेषकों ने उम्मीद जताई है कि और जोरदार गिरावट हो सकती है। ओला इलेक्ट्रिक की आने वाली कार्रवाई और मुद्रा बाजार में उसका प्रभाव देखने योग्य होगा। वहीं, कंपनी ने अपने आगामी योजनाओं के संदर्भ में अनुमान लगाने के लिए स्थिर धारणा दिखाई है कि वह अपनी स्थिति सुधारने की कड़ी चाह में है।

### मुख्यमंत्री ने भगवद गीता आधारित मूल्य शिक्षा प्रतियोगिता में अधिक से अधिक विद्यार्थियों से भाग लेने की अपील की

# श्रीमद् भगवद गीता को आचरण और व्यवहार में धारण कर सन्मार्ग पर चलते हुए प्राप्त की जा सकती है सफलता: मोहन

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण का मध्यप्रदेश की धरती उज्जैन पधार कर आचार्य सांदीपनि जी से शिक्षा प्राप्त करना सनातन संस्कृति की अद्वितीय घटना है। महाभारत जैसे भीषण युद्ध के बीच शास्त्र सम्मत मार्ग दिखाते हुए कर्मवाद की शिक्षा देने का उनका प्रयास और विश्व को श्रीमद् भगवद गीता की देन अद्वितीय है। शास्त्र के रूप में स्थापित भगवद गीता विद्वतजन, ऋषि मुनि से लेकर जन-सामान्य तक के मन में जिज्ञासा भी उत्पन्न करती है और समाधान भी प्रदान करती है। गीता को आचरण



और व्यवहार में धारण कर मानव, अपने जीवन को कर्मवाद से जोड़कर सद्मार्ग का अनुसरण करते हुए सफलताएं प्राप्त कर सकता है। इस वर्ष गीता जयंती पर इस्कॉन के साथ मिलकर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भगवद गीता पर केंद्रित प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया है। गीता के श्लोकों का वाचन, अध्ययन-मनन और भगवद गीता में लोगों की

### स्कूल शिक्षा विभाग और विक्रमादित्य शोध पीठ द्वारा इस्कॉन के सहयोग से होगी प्रतियोगिता

उल्लेखनीय है कि भगवद गीता आधारित मूल्य शिक्षा प्रतियोगिता, स्कूल शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग के विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा इस्कॉन के सहयोग से आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य छात्रों में स्थायी नैतिक मूल्यों का संचार करना, चरित्र निर्माण को प्रेरित करना और आज के युवाओं में व्याप्त विभिन्न व्यसनों के खतरों के बारे में जागरूकता फैलाना है।

**जिला स्तर पर 26 से 29 नवंबर तक होंगी प्रतियोगिताएं...** जिला स्तरीय प्रतियोगिता के अंतर्गत कक्षा-9 से 12 तक के छात्रों के लिए ऑनलाइन क्विज-प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रत्येक कक्षा की प्रतियोगिता के लिये पृथक-पृथक दिवस निर्धारित किये गये हैं, जिसमें 26 नवंबर को कक्षा -9वीं, 27 नवंबर को कक्षा-10वीं, 28 नवंबर को कक्षा-11वीं और 29 नवंबर को कक्षा-12वीं के छात्रों के लिये क्विज प्रतियोगिता होगी। सभी परीक्षाएं स्कूल में दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक आयोजित की जाएंगी। भागीदारी के लिये लिंक 19 नवंबर तक उपलब्ध करवाई जायेगी। प्रत्येक जिले में कक्षा के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 10 दिसंबर 2024 को उज्जैन में गीता महोत्सव के दौरान शामिल होंगे। राज्य स्तरीय विजेताओं को मुख्यमंत्री द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। यह मूल्य शिक्षा प्रतियोगिता छात्रों के शैक्षिक पाठ्यक्रम को आवश्यक नैतिक मूल्यों जैसे सत्यनिष्ठा, सहानुभूति, सम्मान और उत्तरदायित्व से समृद्ध बनाने के लिए डिजाइन की गई है। साथ ही उन्हें व्यसनों के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक करना और जिम्मेदार एवं नैतिक रूप से भविष्य के जागरूक नागरिकों के रूप में उनके व्यक्तित्व के विकास का प्रयास भी इस पहल का लक्ष्य है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव 23 नवंबर को करेंगे गौ-शाला का भूमि-पूजन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बरखेड़ी डोब, भोपाल में 10 हजार गायों की क्षमता वाली हाइटैक गौ-शाला का भूमि-पूजन 23 नवंबर को प्रातः 10 बजे करेंगे। इस अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में वर्तमान वर्ष (चैत्र माह से फाल्गुन माह तक) गौ-संरक्षण एवं गौ-संवर्धन वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए भोपाल के बरखेड़ी डोब में 10 हजार गायों की क्षमता वाली अत्याधुनिक गौ-शाला के निर्माण की योजना है। गौ-शाला लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में बनाई जा रही है। इसमें गायों के आधुनिक तरीके से रख-रखाव के साथ ही उनके उपचार के लिए सभी संसाधनों से युक्त चिकित्सा वार्ड का भी निर्माण किया जाएगा।

# कांग्रेसियों को जीतू का संग नहीं भा रहा, वहां नेतृत्व को लेकर जंग छिड़ी हुई है : केसवानी

**विजय मत, भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश केसवानी ने कहा कि पिछले साल दिसंबर में विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद से जीतू पटवारी की कांग्रेस की राज्य इकाई के भीतर आलोचना हो रही है। उनके



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पीसीसी कार्यालय में पहली बार पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी, स्टेट वर्किंग कमेटी, स्थायी आमंत्रित एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों की गुरुवार को बैठक हुई। लेकिन इस बैठक में कांग्रेस पार्टी के कई दिग्गज नेता नहीं पहुंचे। पटवारी को अकेले छोड़े जाने का सामना करना पड़ रहा है।

### बड़े नेता बैठक में नहीं पहुंचे

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवव ?ता डॉ. दुर्गेश केसवानी ने कहा कि बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, अरुण यादव, अजय सिंह, कमलेश्वर पटेल समेत कई बड़े नेता शामिल नहीं हुए, वहीं दूसरी तरफ बैठक के बीच में ही कुछ कार्यकर्ताओं ने जमीनी नेताओं को कार्यकारिणी में जगह न देने को लेकर कार्यालय के बाहर नारेबाजी की।

### जीतू को आलोचनाओं का करना पड़ रहा सामना

बतादें, लोकसभा चुनाव के दौरान बड़े पैमाने पर कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए। इसके अलावा प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया, इस हार के लिए जीतू पटवारी को दोषी ठहराया गया था। अब उन्हें नई राज्य कार्यकारिणी की नियुक्ति के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

### खाली कुर्सियों ने कर दिया जीतू को तंग : डॉ. केसवानी

कांग्रेस की बैठक में बड़े नेताओं की अनुपस्थित पर भाजपा ने जम कर जीतू पटवारी पर तंज कसा है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश केसवानी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, 'तेल लेने गई कांग्रेस पार्टी बोलने वाले जीतू पटवारी का ढंग देखिए, कमलनाथ, दिग्विजय सिंह और उमंग सिंघार जैसे नेता नहीं आए तो बैठक को भंग कर देते। अपने पोस्ट में उन्होंने लिखा की, कांग्रेसियों को जीतू का संग नहीं भा रहा है। कांग्रेस खेमे में नेतृत्व को लेकर जंग छिड़ी हुई है। खाली कुर्सियों ने कर दिया जीतू को तंग। देख कर जीतू का ढंग कांग्रेस का उड़ गया रंग..'।

## न्यूज इन शॉर्ट

### जल प्रदाय और सीवरेज परियोजना के संचालन में जन-प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण

**भोपाल।** प्रदेश के नगरों में संचालित जल प्रदाय और सीवरेज परियोजना के सफल संचालन में स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसके लिये जनप्रतिनिधियों का जागरूक होना बहुत जरूरी है। यह जानकारी आज भोपाल में मध्यप्रदेश अर्बन डेव्हलपमेंट कम्पनी (एमपीयूडीसी) की कार्यशाला में दी गई। कार्यशाला में बताया गया कि जल प्रदाय और सीवरेज परियोजना वर्ल्ड बैंक और एशियन डेव्हलपमेंट बैंक के सहयोग से तैयार की गई है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर अपर आयुक्त और कम्पनी के अतिरिक्त प्रबंध संचालक के.एल. मीणा ने कहा कि परियोजना के संचालन और संधारण में जो भी दिक्कते आएंगी। कम्पनी जन-प्रतिनिधियों से निरंतर संवाद कर उसे दूर करने का प्रयास करेगी। उन्होंने बताया कि एमपीयूडीसी द्वारा जिन जल प्रदाय और सीवरेज परियोजना का निर्माण किया गया है, वह विश्वस्तरीय है। इनके संचालन की प्रति सप्ताह उच्च स्तर पर समीक्षा की जा रही है। कार्यशाला में सागर की महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने विचार रखे। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के सफल संचालन के लिये शिकायत निवारण कक्ष एवं उपभोक्ता सेवा केन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस व्यवस्था को मजबूत रखना जरूरी है। कार्यशाला में प्रमुख अभियंता आनंद सिंह ने परियोजना के तकनीकी पक्ष के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परियोजना के संचालन के दौरान स्वच्छता के बिन्दु पर विशेष ध्यान दिया जाना होगा। कार्यशाला में समन्वयक राघवेन्द्र सिंह ने प्रेजेन्टेशन दिया। कार्यशाला में उपस्थित स्थानीय निकाय के जन-प्रतिनिधियों को बुधनी मल-जल शोधन संयंत्र का दौरा भी कराया गया।

### प्रदेश में व्हाइट टॉपिंग तकनीक से सड़कों की गुणवत्ता में होगा सुधार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में सड़कों की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और यातायात को सुगम बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर विशेष ध्यान दे रहा है। विभाग ने सड़क निर्माण की अत्याधुनिक व्हाइट टॉपिंग तकनीक को अपनाने का निर्णय लिया है। इस दिशा में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 21 जिलों में चयनित 41 मार्गों पर इस तकनीक को लागू किया जाएगा। इन मार्गों की कुल लंबाई 109.31 किलोमीटर है। योजना को नवंबर के अंत तक शुरू करने की तैयारी है, और इसे अगले 4 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वाइट टॉपिंग सड़क निर्माण की एक आधुनिक तकनीक है, जिसमें पुरानी डामर सड़कों पर कंक्रीट की मोटी परत चढ़ाई जाती है। यह प्रक्रिया सड़कों को न केवल मजबूत और टिकाऊ बनाती है, बल्कि उनकी आयु 20 से 25 वर्षों तक बढ़ा देती है। इस तकनीक में सबसे पहले डामर सड़क की सतह को साफ किया जाता है, फिर 6 से 8 इंच मोटी कंक्रीट की परत डाली जाती है, जो भारी यातायात और खराब मौसम का सामना करने में सक्षम होती है। इस तकनीक का सबसे बड़ा लाभ इसकी टिकाऊपन है। वाइट टॉपिंग के कारण सड़कों को लंबे समय तक गड्ढामुक्त रखा जा सकता है, जिससे यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होती है। साथ ही, यह पर्यावरण के अनुकूल भी है क्योंकि कंक्रीट की सतह डामर की तुलना में ठंडी रहती है। इसके अलावा, रख-रखाव की लागत में भी काफी कमी आती है।

### एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली को और ज्यादा सक्षम बनाया जाएगा

**भोपाल।** राज्य शासन ने एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली को और ज्यादा सक्षम बनाने की कार्रवाई शुरू दी है। इसके लिए चुनी हुई आईटी कम्पनियां 25 नवंबर 2024 तक अपने सुझाव राज्य शासन को देंगी। वे 29 नवंबर 2024 प्री-बिड मीटिंग में भी शामिल होंगी। सचिव वित्त, आयुक्त कोष एवं लेखा लोकेश कुमार जाटव ने बताया कि इंटीग्रेटेड फाइनेंशियल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम की अगली पीढ़ी की आधुनिक परियोजना की तैयारी कर ली गई है। यह परियोजना वित्तीय प्रबंधन प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाकर, वित्तीय प्रबंधन में पारदर्शिता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वित्त विभाग ने पिछले वर्षों में निरंतर इस प्रणाली में अपडेशन किया है।वित्त विभाग ग्लोबल टैक्नोलॉजिकल इनोवेशन के अनुरूप नवीन वित्तीय प्रबंधन सॉफ्टवेयर की संकल्पना एवं विकास कर रहा है।

### भाजपा के प्रदेश महामंत्री व विधायक सबनानी की जीतू पटवारी की पत्रकार-वार्ता पर प्रतिक्रिया

# इटालियन कांग्रेस को चीन से एमओयू के कारण भारत के उद्योगपति नहीं सुहाते: भगवानदास सबनानी

**विजय मत, भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की पत्रकार-वार्ता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का एकमात्र उद्देश्य देश और प्रदेश को बदनाम करना रहा है। कांग्रेस को देश और प्रदेश की तरक्की सहन नहीं हो पा रही है। आज प्रदेश विकसित राज्यों की श्रेणी में आगे है, वहीं भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और जल्द ही विश्व में तीसरे स्थान पर आ जाएगी। कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए हर बार वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और भारतीय जनता पार्टी पर अनर्गल आरोप



लगाते हैं। इटालियन कांग्रेस का चीन से एमओयू के कारण भारत के उद्योगपति उनको नहीं सुहाते है। कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी अपने नकारा नेतृत्व व जगहंसाई पर पर्दा डालने के लिए ऐसे बयान देते हैं।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि कांग्रेस ने वर्ष 2019 के चुनाव से पहले भी राफेल का मुद्दा उठाया था और जोर देकर इसे बहुत बड़ा घोटाला बताया था, यहां तक कि 'चौकीदार चोर है' का नारा भी दिया था। कोविड-19 महामारी के दौरान भी कांग्रेस ने सनसनी फैलाने की कोशिश की थी, लेकिन अंत में उन्हें सुप्रीम कोर्ट के समक्ष माफी मांगनी पड़ी थी। कांग्रेस का एकमात्र उद्देश्य देश और प्रदेश को बदनाम करना और देश की प्रतिष्ठित संस्थाओं पर आक्षेप लगाना रहा है। जो संस्थाएं भारत की सुरक्षा और मजबूती के लिए काम करती हैं, कांग्रेस बार-बार उन्हें निशाना बनाकर विवाद खड़ा करती हैं। जीतू पटवारी को ज्ञात होना चाहिए कि अदाणी ग्रूप पर कानूनी प्रक्रिया चल रही है और कानून अपना काम करेगा। इसमें किसी का कोई हस्तक्षेप नहीं है।

# भू-दृश्य बहाली पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम: पटेल

### जल, जंगल और जमीन संरक्षण मानव अस्तित्व के लिये आवश्यक

**विजय मत, भोपाल**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि भू-दृश्य बहाली पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है । यदि इसे व्यापक रूप से अपनाया जाए, तो यह न केवल पर्यावरणीय संतुलन बहाल करेगा बल्कि सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद करेगा। यह पर्यावरण संरक्षण तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह स्थानीय समुदायों के लिए आर्थिक विकास के अवसर भी पैदा करती है। इससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होती है, जल संसाधनों का संरक्षण होता है और



स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलते हैं। मंत्री पटेल ने शुक्रवार को निवास कार्यालय में ÷मध्यप्रदेश में भू-दृश्य बहाली का विस्तार÷ विषय पर बैठक में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से जल, जंगल और जमीन संरक्षण के कार्य को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन संरक्षण मानव अस्तित्व के लिये आवश्यक है। हम संरक्षण कार्य को आजीविका के साथ जोड़कर दूरगामी परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने जमीन संरक्षण के लिए जैविक खेती को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। मंत्री पटेल ने कहा कि कृषकों को जैविक उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया जाए, साथ ही उनके उत्पादों के विपणन के लिये समुचित व्यवस्था की जाए, जिससे कृषकों को निश्चित आय हो सके।

# ऊर्जा मंत्री तोमर ने किया महाराजपुरा विद्युत सब-स्टेशन का निरीक्षण



**विजय मत, भोपाल**

प्रदेश में विद्युत वितरण प्रणाली में सुधार तथा उपभोक्ताओं को सर्व सुविधायुक्त सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने गुरुवार और शुक्रवार की मध्य रात्रि ग्वालियर के महाराजपुरा औद्योगिक क्षेत्र विद्युत सब-स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया तथा विद्युत वितरण की जानकारी ली तोमर ने औद्योगिक क्षेत्र को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि ऊर्जा मंत्री तोमर रात्रि 3:30 बजे महाराजपुरा ज़ोन औद्योगिक सब-स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे थे।

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता 44वीं राज्य स्तरीय साधिकार समिति की बैठक हुई

**भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में गत दिवस मंत्रालय में 44वीं राज्य स्तरीय साधिकार समिति की बैठक हुई। उच्च स्तरीय बैठक में 3 विषयों पर सहमति दी गयी। इसमे मंत्रि-परिषद का अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा। मुख्य सचिव जैन ने कहा कि एक्सप्रेस-वे जैसा बने बाईपास, सर्विस रोड होना चाहिये, पीएम गतिशील पोर्टल में पर्यटन को जोड़ा जाये, कर्क रेखा के पास पर्यटन की व्यवस्था की जाये। मौजूदा भोपाल-विदिशा रोड (SH-18) को 2-लेन से 4-लेन किया जायेगा। एमपीआरडीसी ने इसके निर्माण का प्रस्ताव दिया है। इसका निर्माण हाइब्रिड एनीयुटी मोड (HAM) पर होगा। मौजूदा सड़क 2-लेन मानक की है। राज्य राजमार्ग की मौजूदा लंबाई 35.11 किमी है, जो भानपुर के अयोध्या बाईपास से प्रारंभ होती है और सांची-सलामतपुर जंक्शन पर NH-146 पर समाप्त होती है।

# कलेक्टर सिंह ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रगतिरत समूह जलप्रदाय योजनाओं की समीक्षा की

**विजय मत, भोपाल**

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले की प्रगतिरत समूह



जलप्रदाय योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जिले में स्वीकृत दो समूह जल परियोजनाएं–केरवा समूह जल परियोजना, जिसमें 74 ग्राम पंचायतें सम्मिलित हैं और हलाली समूह जल परियोजना, जिसमें 36 ग्राम शामिल हैं– का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। इन परियोजनाओं से लगभग 2 लाख नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। अब तक परियोजनाओं का 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

कलेक्टर सिंह ने जिला पंचायत सीईओ को समूह नल जल परियोजनाओं का निरीक्षण करने और एसडीएम को एकल जल परियोजनाओं की मॉनीटरिंग हेतु लाभांवित ग्राम पंचायतों का भ्रमण करने के निर्देश दिए। साथ ही जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर परियोजनाओं की प्रगति और गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को कार्य गुणवत्तापूर्ण और तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**खास-खबर** प्रदेश में फूलों का उत्पादन बढ़कर हुआ 4 लाख 71 हजार मैट्रिक टन

# फ्लोरीकल्चर अपनाकर किसान भाई बने आत्मनिर्भर: कुशवाह

**विजय मत, भोपाल**

उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि फ्लोरीकल्चर के माध्यम से किसान भाई अच्छा लाभ कमा सकते हैं। गत 4 वर्षों में मध्यप्रदेश में फूलों के उत्पादन क्षेत्र में 5 हजार हैक्टेयर की वृद्धि हुई है। इसके परिणाम स्वरूप प्रदेश के किसानों द्वारा 4 लाख 71 हजार मीट्रिक टन से अधिक फूलों का उत्पादन किया गया है जो एक रिकॉर्ड है।

मंत्री कुशवाह ने कहा कि प्रदेश में छोटे किसान जिनके पास एक या आधा हैक्टेयर भूमि है, वे भी फूलों के उत्पादन से अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। फूलों की खेती कम समय में तैयार हो जाती है और यह केशक्रोप होती है। इससे कृषकों को फसल का तुरंत नगद भुगतान प्राप्त



हो जाता है। मध्यप्रदेश के फूलों की नई दिल्ली, मुम्बई, नागपुर, अहमदाबाद, जयपुर जैसे महानगरों में अच्छी मांग है। उद्यानिकी विभाग द्वारा फूलों के उत्पादन करने वाले कृषकों को प्रोत्सहित किया जा रहा है।

मंत्री कुशवाह ने बताया कि प्रदेश की नर्सरियों को हाई टैक किया जा रहा है। इसके लिये ई-नर्सरी पोर्टल भी बनाया गया है। इनसे फूल-फल उत्पादक को अच्छी किस्म के बीज और पौधे रियायती दरों में प्राप्त हो रहे है। प्रदेश में 100 दिवसीय कार्ययोजना में 20 हजार किसानों और युवाओं को आधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षित किया गया है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत ग्वालियर में 13 करोड़ रूपये लागत से पहली हाई टैक फ्लोरीकल्चर नर्सरी विकसित की जा रही है। यह नर्सरी फूलों की खेती में नवीनतम तकनीकों का प्रयोग किया जाएगा।

संचालक उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण ने बताया कि प्रदेश में गत चार वर्षों में फूलों के उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वर्ष 2021-22 में प्रदेश में 35 हजार 720 हैक्टेयर में फूलों की खेती की गई जिसमें 4 लाख 12 हजार 730 मैट्रिक टन उत्पादन हुआ था। जबकि वर्ष 2023-24 में 41 हजार 49 हैक्टेयर में 4 लाख 71 हजार 584 मैट्रिक टन फूलों का उत्पादन हुआ जो 2021-22 की तुलना में 58 हजार 854 मैट्रिक टन अधिक है।

# हाथियों के प्रबंधन का अध्ययन दल पहुँचा अन्नामलाई टाइगर रिजर्व

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर क्षेत्र संचालक संजय टाइगर रिज़र्व के नेतृत्व में अधिकारियों की 18 सदस्यीय टीम तमिलनाडु में मानव हाथी संघर्ष प्रबंधन अध्ययन दौरे पर तीसरे दिन टीम ने अन्नामलाई टाइगर रिजर्व का भ्रमण किया, अन्नामलाई के डीएफओ ने वालपराई क्षेत्र में मानव-हाथी संघर्ष के प्रबंधन और इसे कम करने के तरीकों पर एक विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। अन्नामलाई के डीएफओ ने बताया कि पहाड़ी इलाकों और चाय बागानों की बहुलता वाले क्षेत्र में अनूठी चुनौतियां है, जिसमें संघर्ष की प्रकृति अन्य क्षेत्रों से भिन्न है। संघर्ष प्रबंधन रणनीतियों को विकसित करने में इलाके की जानकारी और हाथी का व्यवहार महत्वपूर्ण कारक है। वालपराई में इसके लिये जीएसएम-आधारित उन्नत अलर्ट सिस्टम, एनाइडर तकनीक और सौर




फेन्स की एक संयोजित तकनीक उपयोग की जाती है। अन्नामलाई टाइगर रिजर्व ने हाँका न लगाने की नीति को अपनाया है और इन उपायों के माध्यम से पिछले 2 वर्षो में हाथियों से संबंधित मृत्यु को शून्य कर दिया गया है। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव) ने बताया कि अध्ययन दल ने अन्नामलाई टाइगर रिजर्व के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय राघवन के साथ बातचीत की। राघवन ने बचाव उपकरणों और वाहनों का प्रदर्शन किया।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला मो.-8889977997
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com